




RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

साझा करें अपने मित्रों से

सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग

संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल

वर्ष- 13, अंक - 160 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, मंगलवार 29 मार्च 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-












## नगरीय निकाय बजटः 2022-23, चल पड़ा कका का ट्रेंड, सीएम के बाद अब महापौर भी कर रहे इस्तेमाल

# ब्रांड बना गोबर का ब्रीफकेस




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में इन दिनों गोबर का ब्रीफकेस बजट का ब्रांड बन गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस परंपरा की शुरुआत सरकार के बजट के लिए किया इसके बाद इसका ट्रेंड ही चल पड़ा। इसके बाद नगरीय निकायों में महापौर भी गोधन से बने ब्रीफकेस में ही अपना बजट लेकर पहुंच रहे हैं। ताजा मामले में नगर पालिक निगम दुर्ग व रिसाली का बजट भी गोधन के ब्रीफकेस में लाया गया।

बता दें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 9 मार्च को बजट पेश किया था इस दौरान वे गोधन से बने ब्रीफकेस में छत्तीसगढ़ का बजट लेकर पहुंचे थे। सीएम बघेल की यह पहली देश भर में चर्चा का विषय बना। इसके बाद गोधन के ब्रीफकेस का ट्रेंड ही चल पड़ा है। नगर पालिक निगम रायपुर का बजट भी महापौर एजाज ढेबर ने गोधन से बने ब्रीफकेस से ही प्रस्तुत किया।

### कल पेश होगा भिलाई निगम का बजट

नगर पालिक निगम भिलाई का बजट 30 मार्च बुधवार को प्रस्तुत किया जाएगा। संभावना यही है कि महापौर नीरज पाल भी अपना पहला बजट गोधन के ब्रीफकेस से प्रस्तुत करेंगे। निगम सभागार में 30 मार्च सुबह 11:00 बजे बजट बैठक शुरू होगी। बैठक के लिए विपक्षी पार्षदों ने पहले से ही तैयारियां कर रखी हैं। माना जा रहा है कि भिलाई निगम का बजट बैठक हंगामेदार होगा। इधर महापौर नीरज पाल इस बार नगर पालिक निगम भिलाई का बजट ऐतिहासिक होने का दावा कर रहे हैं, जिसमें सभी क्षेत्रों के विकास का ध्यान रखा जाएगा।

### भिलाई 3 चरोदा में भी दिखा यही दृश्य

पिछले दिनों नगर पालिक निगम भिलाई चरोदा का बजट हुआ। इस दौरान महापौर निर्मल कोसरे ने भी गोधन से बना ब्रीफकेस लेकर ही पहुंचे थे। गोधन के ब्रीफकेस से उन्होंने भिलाई चरोदा नगर निगम का ऐतिहासिक बजट पेश किया। 257 करोड रुपए से ज्यादा का बजट उन्होंने भिलाई 3 चरोदा के लिए बनाया।

### दुर्ग व रिसाली में भी यही ट्रेंड

इसी कड़ी में मंगलवार को नगर पालिक निगम रिसाली व नगर पालिक निगम दुर्ग का बजट भी गोधन से बने ब्रीफकेस से ही प्रस्तुत किया गया। नवगठित रिसाली निगम की पहली बजट बैठक मैत्री कुंज रिसाली स्थित निगम के मंगल भवन में हो रही है। रिसाली महापौर शशि सिन्हा व दुर्ग के महापौर धीरज बाकलीवाल भी गोधन के ब्रीफकेस लेकर ही पहुंचे।

## रेल हादसाः दो मालगाड़ियां भिड़ीं, 18 बोगियां पटरी से उतरीं कोई हताहत नहीं, कई ट्रेने रद्द



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के जामगांव रेलवे स्टेशन में सोमवार को दो मालगाड़ियों के आपस में टकराने से 18 बोगियां पटरी से उतर गईं। ट्रेन हादसे के कारण हावड़ा मुंबई रेल मार्ग कई घंटों तक बाधित रहा। ट्रेन हादसा रायगढ़ जिले के जमगांव स्टेशन पर शाम 4:15 बजे हुए। कोई हताहत नहीं हुआ। स्टील से लदीं दोनों मालगाड़ियां बिलासपुर जा रहीं थीं। एक मालगाड़ी यार्ड से चलने ही वाली थी जब पीछे से आ रही दूसरी ट्रेन उस पर चढ़ गई। रेलवे ने जांच के आदेश दिए हैं।

साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे के पीआरओ साकेत ने बताया कि 18 वैगन पटरी से उतर गए हैं। इस रूट पर फिलहाल सभी मूवमेंट बंद कर दिया गया है। राहत कार्य के साथ रेलवे मंडल बिलासपुर से जीएम और डीआरएम कुछ ही देर पहले रवाना हुए हैं। यातायात बहाल करने ब्रजराजनगर, रायगढ़ तथा बिलासपुर से राहत गाड़ियां दुर्घटना स्थल के लिए रवाना की गई है। जामगांव में हुई रेल दुर्घटना के कारण मुंबई-हावड़ा रूट की सभी यात्री गाड़ियों को स्टेशनों में रोका गया है। दो पैसेंजर को रद्द किया गया है। वहीं कुछ तीन ट्रेनों को गंतव्य से पहले ही समाप्त कर दिया गया है। यात्री ट्रेनों को समय से पहले समाप्त करने व रद्द करने से रेल यात्रियों की मुसीबत बढ़ गई है। परिचालन सामान्य होते तक यात्री गाड़ियां प्रभावित रहेंगी।

## खास-खबर

### नेहरू संग्रहालय का भी बदला नाम, अब पीएम म्यूजियम के तौर पर होगी पहचान, पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने नेहरू संग्रहालय का नाम बदलने का फैसला किया है। अब इसे पीएम म्यूजियम के नाम से जाना जाएगा। यहां देश के सभी 14 पूर्व प्रधानमंत्रियों की यादों को सहेजा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंबेदकर जयंती यानी 14 अप्रैल को इसका उद्घाटन करेंगे।

पीएम मोदी ने आज भारतीय जनता पार्टी के सांसदों से कहा कि एनडीए सरकार ने 14 पूर्व प्रधानमंत्रियों के योगदान को स्वीकार करने के लिए यह कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री संग्रहालय में सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों के कार्यों को दिखाया गया है। बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने सुनिश्चित किया है कि सभी प्रधानमंत्रियों के योगदान को मान्यता मिले। समाचार एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, पीएम मोदी ने बीजेपी सांसदों से कहा है कि केवल एनडीए सरकार ने पिछले प्रधानमंत्रियों के योगदान को मान्यता देने के लिए कदम उठाए हैं। पीएम मोदी ने बीजेपी सांसदों से बीआर अंबेडकर म्यूजियम जाने को भी कहा। बीआर अंबेडकर की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय राजधानी में 14 अप्रैल को बीआर अंबेडकर संग्रहालय का भी उद्घाटन किया जाना है।

पीएम मोदी, राष्ट्रीय भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह पार्टी के शीर्ष नेताओं में शामिल थे, जिन्होंने आज नई दिल्ली में अंबेडकर केंद्र में संसदीय दल की बैठक में भाग लिया।

## सुकमा में बीजीएल सेल सहित भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद, बड़ी वारदात की फिराक में थे नक्सली

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में जवानों ने नक्सलियों के नापाक मंसूबों को नाकाम कर दिया। एंटी नक्सल ऑपरेशन के तहत सर्चिंग पर निकले जवानों ने बीजीएल सेल सहित भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया है। इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक मिलने से यह तय है कि नक्सली किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। यह विस्फोटक चिंतागुफा थाना क्षेत्र के एलमागुंडा के जंगल से बरामद किया गया है।

बता दें कि 21 मार्च को नक्सलियों ने सुकमा जिले के चिंतागुफा थाना क्षेत्र के नवीन सीआरपीएफकैंप एलमागुंडा में हमला किया था। 150 से 200 की संख्या में नक्सलियों ने कैंप पर फायरिंग की थी, जिसमें तीन जवान घायल हुए थे। जवानों ने भी मोर्चा संभालते हुए नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया था। दोनों ओर से करीब एक घंटे तक फायरिंग हुई थी। जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली



जंगल का फायदा उठाकर भाग खड़े हुए। इस मुठभेड़ में कई नक्सलियों को गोली लगने व खून के धब्बों के निशान जंगल में मिले हैं। इस घटना के बाद बस्तर आईजी सुंदराज पी, डीआईजी सीआरपीएफ योज्ञान सिंह, एसपी सुनील शर्मा ने कैंप में बैठक कर माओवादियों को घेरने की रणनीति बनाई थी। सीआरपीएफ, एसटीएफ, डीआरजी व कोबरा बटालियन की टीम लगातार सर्चिंग अभियान चला रही है।

### एलमागुंडा कैंप व आसपास के इलाकों में सर्चिंग जारी

सुकमा एसपी सुनील शर्मा ने बताया कि मुठभेड़ की घटना के बाद डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी), एसटीएफ, सीआरपीएफएवं कोबरा बटालियन की टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। 24 मार्च से लगातार गश्त कर कैंप के आसपास व दक्षिण-पूर्व एरिया में भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया गया है, जिसमें 1 नग एचई बम, 66 नग बीजीएल सेल, 3 नग क्षतिग्रस्त मोर्टार, 25 मीटर कोर्डेक्स वायर, 17 नग इलेक्ट्रानिक डेटोनेटर, 5 मीटर फ्लेक्सिबल इलेक्ट्रानिक वायर, 7 नग एवडी काट्रिज, 12 पैकेट स्टील बाल बेरिंग सहित अन्य विस्फोटक सामान शामिल हैं। जवान लगातार सर्चिंग ऑपरेशन चला रहे हैं।

## राजस्व सचिव नीलम नामदेव एक्का के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी, जमीन हड़पने का मामला



श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) ने छत्तीसगढ़ के राजस्व सचिव नीलम नामदेव एक्का के खिलाफ जांजगीर-चांपा जिले में एक कंपनी द्वारा जमीन हड़पने के मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। छत्तीसगढ़ सरकार के अधिकारियों ने इस मुद्दे पर मीडिया के सवालों का जवाब नहीं दिया। एनसीएसटी ने 11 मार्च को छत्तीसगढ़ राज्य विकास निगम के प्रबंध निदेशक अरुण प्रसाद और राजस्व सचिव को समन जारी कर मामले में 24 मार्च को पेश होने को कहा था।

एक अधिकारी ने कहा, प्रसाद पैनल के सामने पेश हुए और अपना पक्ष रखा। हालांकि, एक्का अनुपस्थित रहे, जिसके बाद उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया। जांजगीर-चांपा के जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक आयोग के समक्ष पहले ही गवाही दे चुके हैं। इससे पहले आयोग को कंपनी द्वारा आदिवासी जमीन की अवैध खरीद-बिक्री की शिकायतें मिली थीं। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि कंपनी ने जांजगीर-चांपा जिले में बिजली संयंत्र लगाने के बहाने आदिवासियों से जमीन खरीदी।

अधिकारियों ने कहा कि फर्म ने कथित तौर पर एक स्थानीय एजेंट को नियुक्त किया, जिसने आदिवासियों से जमीन खरीदी और फिर उसे एक कंपनी को बेच दिया। संविधान के अनुच्छेद 338 के तहत एनसीएसटी के पास एक दीवानी अदालत की शक्तियां हैं और अपने सम्मन को निष्पादित न करने के मामले में संबंधित व्यक्ति के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर सकता है।

## ट्रेन से शराब की तस्करी जोरों पर, उपमुख्यमंत्री के गृह जिले में भी पहुंच रही खेप



**कटिहार ( एजेंसी )।** बिहार सरकार शराबबंदी को लेकर लाख दावे कर ले लेकिन कटिहार जिले से जो एक तस्वीर सामने आ रही है वह प्रशासन की पोल खोलने के लिए काफी है। इस तस्करी का एक वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है जिसे राष्ट्रीय जनता दल के ट्विटर अकाउंट से शेयर भी किया गया है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि कटिहार डिप्टी सीएम तार किशोर प्रसाद का गृह जिला भी है। कटिहार जंक्शन से मनिया हॉल्ट महज कुछ ही किलोमीटर पर है। यहां रोज बंगाल से आने वाली ट्रेनों से शराब की बड़ी खेप लाई जाती है। धीमी गति से चलती ट्रेन या चेन पुलिंग कर शराब की खेप को उतार लिया जाता है। कभी-कभी बीच रास्ते में भी ट्रेनों को रोक दिया जाता है। इसके बाद तस्कर अपने कैरियर के जरिए शराब को ट्रेन से उतरवाते हैं।

## महिला सरपंच ने सचिव को ग्रामसभा में पीटा बैठक में हाथ पकड़ने का लगाया आरोप

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में महिला सरपंच द्वारा ग्रामसभा में पंचायत सचिव की पिटाई का मामला सामने आया है। पिटाई का एक वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है। महिला सरपंच उसे पीटते-पीटते पंचायत भवन से बाहर तक ले आई। घटना यह पूरा मामला फर्जी हस्ताक्षर और कमीशनखोरी से जुड़ा होना बताया जा रहा है। इधर जनपद सीईओ राम स्वरूप साहू ने कहा कि अब तक इस संबंध में कोई लिखित शिकायत नहीं हुई है।

गरियाबंद जिले के ग्राम पंचायत कोपरा की महिला सरपंच योगेश्वरी द्वारा पंचायत भवन के सामने सचिव जोगेश्वर साहू को पीटा जा रहा है। इसका वीडियो वायरल होने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया है। दरअसल, जनपद पंचायत कार्यालय में कोपरा पंचायत से एक लेटर पहुंचा था। शुक्रवार को जब महिला सरपंच योगेश्वरी जनपद कार्यालय पहुंची तो उन्होंने यह लेटर देखा, जिसमें उनके हस्ताक्षर थे। पंचायत का प्रस्ताव पत्र भी लगा हुआ था। दोनों दस्तावेजों में महिला सरपंच के हस्ताक्षर थे, जबकि महिला सरपंच का कहना है कि इन दोनों लेटर पर उन्होंने हस्ताक्षर किए ही नहीं हैं।

### कमीशन के लिए दबाव बनाती है सरपंच



सरपंच योगेश्वरी ने शनिवार को एक बैठक बुलाई, जिसमें दोनों दस्तावेजों का मिलान कराया गया। पता चला कि उसमें फर्जी हस्ताक्षर कर विधायक निधि से 10 लाख रुपये स्वीकृत करा लिए हैं। बैठक में सचिव से फर्जी हस्ताक्षर के संबंध में पूछताछ की गई। सरपंच योगेश्वरी का आरोप है कि बैठक के दौरान सचिव ने उनका हाथ पकड़ लिया था। इसके बाद महिला सरपंच ने उसकी पिटाई कर दी। महिला सरपंच व सचिव द्वारा इस मामले की शिकायत पुलिस या जनपद में नहीं की गई है। वहीं सचिव जोगेश्वर कमीशनखोरी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सरपंच कमीशन के लिए दबाव बनाती हैं।

## खैरागढ़ उपचुनावः 12 में से 2 प्रत्याशियों ने छोड़ा मैदान, अब 10 उम्मीदवारों के बीच होगा मुकाबला

श्रीकंचनपथ न्यूज




**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के खैरागढ़ विधानसभा उप चुनाव के लिए अब 10 प्रत्याशी मैदान में बचे हैं। सोमवार को नाम वापसी के अंतिम दो उम्मीदवारों ने मैदान छोड़ दिया है। नाम वापस लेने वालों में निर्दलीय प्रत्याशी अमरदास मनहारे और सुनील पांडेय शामिल हैं। नाम वापसी के साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह भी आवंटित कर दिया। सिम्बाल मिलने के साथ ही अब प्रचार भी तेजी से शुरू हो जाएगा।

खैरागढ़ विधानसभा उप चुनाव के लिए 12 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। सोमवार को दो प्रत्याशियों ने नाम वापस ले लिया। अब 10 प्रत्याशियों भाजपा के कोमल जंघेल को कमल, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के नरेन्द्र सोनी, कांग्रेस यशोदा निलाम्बर वर्मा, फॉरवर्ड डेमोक्रेटिक लेबर पार्टी से चुरण (विप्लव साहू), आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया से ढालचंद साहू, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी से मोहन भारती, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से संतोषी प्रधान, निर्दलीय प्रत्याशी अरूणा बनाफर, निर्दलीय नितिन कुमार भाण्डेकर व निर्दलीय साधुराम धुर्वे के बीच मुकाबला होगा। कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा ने सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया है।

### चुनाव चिन्ह मिलते ही रणनीति बनाने में जुटे

खैरागढ़ के चुनावी रण में मतदाताओं से पहले राजनीतिक पार्टियां अपने कार्यकर्ताओं को साधने में लगी हुई हैं। चुनाव चिन्ह मिलते ही खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं की बैठक का दौर जारी है। पार्टियों के नेता अपने प्रत्याशियों को जीतने रणनीति भी बना रहे हैं। भाजपा, कांग्रेस, जेसीसीजे सहित अन्य पार्टियां अपने-अपने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर मजबूत करने के लिए चुनावी मंत्र भी दे रहे हैं। दिन भर बैठकों का दौर जारी है।

### 12 अप्रैल को मतदान, 16 को होगी गिनती

बता दें कि खैरागढ़ विधानसभा उप चुनाव के लिए 17 मार्च से नामांकन की प्रक्रिया शुरू की गई थी, जो 24 मार्च तक ली। तय कार्यक्रम के अनुसार स्क्रूटनी के बाद 28 मार्च नाम वापसी की अंतिम तिथि थी। अब उप चुनाव के लिए 12 अप्रैल को मतदान होगा और 16 अप्रैल को मतगणना होगी। राजनांदगांव जिले की यह सीट खैरागढ़ सियासत के राजा और जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के विधायक देवव्रत सिंह के निधन के बाद खाली हुई है।

## हरीश रावत का बड़ा दावाः मेरा राजनीतिक करियर खत्म करने के चक्कर में कांग्रेस की हुई हार



**देहरादून ( एजेंसी )।** कांग्रेस में विधानसभा चुनाव में हुई हार की रार खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। पार्टी के भीतर उपजी गुटबाजी रह-रहकर बाहर आ रही है। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने लगातार दूसरे दिन पार्टी के ही कुछ नेताओं पर उनके खिलाफ साजिश करने का आरोप लगाया है। रावत का कहना है कि भाजपा के लोग तो ऐसा नहीं कर पाए, लेकिन इधर कांग्रेस के ही कुछ लोग उनका राजनैतिक कॅरिअर खत्म करना चाहते हैं। शिकार का अच्छा मौका देख कई लोग मैदान में कूद गए हैं। सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि जो काम भाजपा के लोग इतने वर्षों में नहीं कर पाए, उसे अब कांग्रेस के लोग अंजाम देना चाहते हैं। बिना किसी का नाम लिए हरीश ने कहा कि उन्हें मेरी हार से भी चैन नहीं है। इसलिए उनके खिलाफ तमाम तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। वह कौन लोग हैं और किसके इशारे पर काम कर रहे हैं?

यह पूछे जाने पर हरीश ने कहा कि कांग्रेस के जो लोग सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ आग उगल रहे हैं, उनके सोशल अकाउंट चेक कर लिए जाएं तो स्पष्ट हो जाएगा कि वह किस के आदमी हैं। उन्होंने कहा कि उनका झगड़ा किसी से नहीं है। वह तो न्याय और सम्मान की लड़ाई लड़ रहे हैं। जिस तरह से उनके खिलाफ एक झूठा प्रोपगंडा रचा जा रहा है, उससे व्यथित हैं। उन्होंने कहा कि इससे किसी का भला नहीं होने वाला है, पार्टी को जरूर नुकसान हो रहा है।

### झूठ का पर्दाफाश करने में मेरे साथ खड़े नहीं हुए पार्टी के लोग

हरीश रावत ने कहा कि भाजपा ने एक झूठ को एक फर्जी अखबार की कतरन तैयार कर जिस तरह से धामी की धूम पेज और सोशल मीडिया पर प्रचारित और प्रसारित किया, उसमें कांग्रेस के ही कुछ लोगों ने भी भाजपा का साथ दिया। उन्होंने कहा कि इस झूठ का पर्दाफाश करने के लिए पूरी कांग्रेस को उनके साथ खड़ा होना चाहिए था, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हुआ, उल्टा उन लोगों ने इस झूठ को और फैलने दिया या फैलाया।

## संपादकीय

# अशोभनीय व्यवहार

पश्चिम बंगाल विधानसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों के बीच हाथापाई और नेता प्रतिपक्ष समेत पांच भाजपा विधायकों के निलंबन की घटना एक बार फिर भारतीय लोकतंत्र को शर्मसार कर गई। बीरभूम हिंसा को लेकर नाराज विपक्ष मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ नारेबाजी कर रहा था, क्योंकि उनके पास गृह मंत्रालय भी है। इसी दौरान सत्ता पक्ष के विधायक भी आक्रामक हो उठे और यह अशोभनीय घटना घट गई। यह सिर्फ पश्चिम बंगाल विधानसभा की बात नहीं है, देश की लगभग तमाम विधायी संस्थाओं में हर कुछ अंतराल पर ऐसे अशोभनीय दृश्य उपस्थित होने लगे हैं और यह लोकतंत्र के खैरख्वाह तमाम भारतीयों के लिए चिंता की बात होनी चाहिए। अभी कितने दिन हुए हैं, जब बिहार विधानसभा में विधानसभाध्यक्ष को मार्शल बुलाना पड़ा था?

> ऐसे में, कैसे अपेक्षा की जा सकती है कि वहां मर्यादाएं बहाल रहेंगी? देश के तमाम राजनीतिक दलों को यह बात भी याद रखने की जरूरत है कि सफल लोकतंत्रों में सिर्फ शोर-गुल से नहीं, कहकहों से भी बातें बनती हैं। साफ है, सत्ता और विपक्ष जब तक एक-दूसरे को विश्वास में नहीं लेंगे, तब तक पश्चिम बंगाल विधानसभा जैसी अप्रिय स्थितियां पैदा होती रहेंगी और इससे भारतीय लोकतंत्र कतई सुर्खरू नहीं होगा।

अगर इस स्थिति पर सभी पार्टियां गंभीरता से चिंतन नहीं करेंगी, तो ऐसी घटनाओं को लगातार देख-सुनकर हमारी आने वाली नस्लों के लिए यह यकीन करना भी मुश्किल हो जाएगा कि इसी देश के संसदीय लोकतंत्र ने ऐसा भी दौर देखा है, जब सत्ता पक्ष के सदस्य अपने ही प्रधानमंत्री पर तंज कर दिया करते थे और नेता, सदन उसे आदर के साथ स्वीकार भी कर लेते थे। अब तो स्थिति यह है कि सत्ता पक्ष, विपक्ष से भी ठकुरसुहाती की अपेक्षा करने लगा है, जबकि वह जानता है कि लोकतंत्र में उन दोनों की भूमिकाएं अलग हैं। रचनात्मक आलोचना तो किसी भी विपक्ष का पहला सांविधानिक दायित्व है और पश्चिम बंगाल विधानसभा में भाजपा विधायकों को यह अख्तियार है कि वे किसी शासकीय चूक पर, प्रशासनिक लापरवाही पर सरकार से जवाब-तलब करें। काश! सबने अपनी लक्ष्मण-रेखा पहचानी होती।

भारतीय लोकतंत्र के आगे इस वक्त जो सबसे गंभीर चुनौती है, वह विधायी सदनों के उपयुक्त संचालन की है। विडंबना यह है कि हमारे जन-प्रतिनिधियों का उचित प्रशिक्षण नहीं हो रहा। याद नहीं आता कि किसी पार्टी ने अपने सांसदों-विधायकों के लिए पिछला प्रशिक्षण शिविर कहां और कब आयोजित किया था? ऐसे शिविर सदस्यों को संसदीय कार्यों की बारीकियां ही नहीं सिखाते, बल्कि सदन के भीतर आचरण के विभिन्न पहलुओं से भी अवगत कराते हैं। इतना ही नहीं, सदनों के भीतर संसदीय दल के नेताओं ने भी अभिभावकीय भूमिका छोड़ दी है। इसलिए शाब्दिक तकरार शारीरिक दुर्व्यवहार तक पहुंचने लगी है। इन सबसे जनता की नजरों में जन-प्रतिनिधियों की प्रतिष्ठा को कितनी चोट पहुंच चुकी है, इसे बार-बार दर्ज कराने की भी आवश्यकता नहीं। इसलिए बेहतर होगा कि जिम्मेदार राजनीतिक पार्टियां अपने-अपने घरों की सफाई सबसे पहले करें। एडीआर की चुनाव-दर-चुनाव रिपोर्ट बता रही है कि निर्वाचित सदनों का चरित्र क्यों बदल रहा है? किसी-किसी सूबे की विधानसभा में तो दागी विधायकों की तादाद 50 प्रतिशत तक पहुंचने लगी है। ऐसे में, कैसे अपेक्षा की जा सकती है कि वहां मर्यादाएं बहाल रहेंगी? देश के तमाम राजनीतिक दलों को यह बात भी याद रखने की जरूरत है कि सफल लोकतंत्रों में सिर्फ शोर-गुल से नहीं, कहकहों से भी बातें बनती हैं। साफ है, सत्ता और विपक्ष जब तक एक-दूसरे को विश्वास में नहीं लेंगे, तब तक पश्चिम बंगाल विधानसभा जैसी अप्रिय स्थितियां पैदा होती रहेंगी और इससे भारतीय लोकतंत्र कतई सुर्खरू नहीं होगा।

## वांग यी की यात्रा का असली अर्थ

चीनी विदेश मंत्री वांग यी की भारत-यात्रा बड़ी रहस्यमय है। इसका अर्थ निकालना आसान नहीं है। वे हमारे विदेश मंत्री जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित दोभाल से मिल चुके हैं। वे भारत अपनी मर्जी से आए हैं। उनको बुलावा नहीं दिया गया था। उन्होंने अपनी भारत-यात्रा की घोषणा भी नहीं की थी। वे इसी तरह काबुल भी पहुंच गए थे। काबुल में तालिबान के विदेश मंत्री और अफसरों से तो उनकी बात हुई ही, रूसी प्रतिनिधि काबुलोव से भी उनकी गिटपिट हुई।

अब वे श्रीलंका भी जाएंगे। ऐसा लगता है कि इस वक्त चीन अपनी छवि सुधारने में लगा हुआ है। कोरोना महामारी सारे संसार में फैलाने का जो दोष उसके माथे मढ़ा गया है, वह उसकी सफाई में जुटा हुआ है और अपनी महाशक्ति की छवि को चमकाने के लिए कृतसंकल्प है। वांग यी भारत इसलिए नहीं आए हैं कि भारत-चीन सीमांत विवाद शांत हो जाए। यदि वे इसलिए आए होते तो उस मुद्दे पर कोई ठोस प्रस्ताव लेकर आते लेकिन दोभाल और जयशंकर से हुई उनकी बातचीत से लगता है कि उनके भारत आने का खास उद्देश्य यही है कि 'ब्रिक्स' की अगली बैठक का कहीं हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहिष्कार नहीं कर दें।

यदि मोदी ने बहिष्कार कर दिया तो चीन की नाक कट सकती है। इसीलिए जब जयशंकर और दोभाल ने सीमा का मुद्दा उठाया और कहा कि उसे हल किए बिना दोनों देशों के संबंध सहज नहीं हो सकते तो वांग ने कह दिया कि वे सहमत हैं और वे इस मुद्दे पर संवाद जारी रखेंगे। उन्होंने दोभाल को चीन आने का निमंत्रण भी दे दिया। यूक्रेन के मुद्दे पर चीन पूरी तरह से अमेरिका के विरोध में है लेकिन भारत की तरह वह तटस्थता का दिखावा भी कर रहा है। ऐसा लगता है कि अब रूस और चीन का एक गुट तथा अमेरिका, नाटो, आकुस और क्वाड का दूसरा गुट बनने जा रहा है। लेकिन भारत को काफी सावधान रहना है। उसे अमेरिका की फिसलपट्टी पर झेलेंस्की की तरह फिसल नहीं जाना है। उसे अपने पांव पर खड़े रहना है।

-वेद प्रताप वैदिक

> औद्योगिक इकाइयों को घनी बस्तियों से ज्यादा से ज्यादा दूर करना चाहिए, निर्माण गतिविधियों के दौरान प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए जरूरी कदम उठाए जाने चाहिए और शहरी इलाकों में हरियाली बढ़ाई जानी चाहिए। इन सबके अलावा, हरित परिवहन को बढ़ावा दिए जाने की भी जरूरत है। अगर दक्षिण के कुछ सबक हैं, तो उत्तर उन पर अमल कर सकता है।

# दक्षिणी शहरों की स्वच्छता से सीखें

एस. श्रीनिवासन,वरिष्ठ तमिल पत्रकार

इस बात से शायद ही किसी को आश्चर्य हुआ होगा कि साल 2021 के लिए जारी विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट में भारत के सबसे कम प्रदूषित 35 शहरों में से 30 शहर दक्षिण के चार राज्यों- कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल और आंध्र प्रदेश के हैं। हालांकि, जब उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान और हरियाणा (सभी उत्तरी राज्य) की नजर से इस रिपोर्ट को देखते हैं, तो यह एक कटु सत्य लगता है। देश की राजधानी दिल्ली ने तो प्रदूषण में सभी को पीछे छोड़ दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, जहां कोच्चि, चेन्नई, अमरावती और बेंगलुरु जैसे दक्षिणी शहरों में वायु प्रदूषण का स्तर 40 से 70 के बीच है, वहीं लखनऊ, पटना, जयपुर और रोहतक में यह 100 से 170 के बीच है। दिल्ली का औसत स्तर तो 230 है।

दक्षिण के राज्यों को भौगोलिक रूप से भी एक बड़ा लाभ हासिल है। दरअसल, उनकी सीमाएं कम से कम एक तरफ से समुद्र से लगती हैं। ऐसे में, उप-महाद्वीप के आसपास के महासागरों से आने वाली हवाएं एक झटके में प्रदूषक तत्वों को उड़ा ले जाती हैं। इनकी तुलना में जमीनी सीमाओं वाले उत्तरी राज्यों को यह सुविधा हासिल नहीं है। धूल भरी हवा इन क्षेत्रों में फंसी रहती है और उसी में घूमती रहती है, जिससे अधिक से अधिक प्रदूषण फैलता है। गरमियों के महीनों में तो ऐसा लगता है कि पूरा उत्तर भारत ही धूल का कटोरा बन गया है। इन महीनों में जहां धूल भरी आंधी दृश्यता कम कर देती हैं,तो वहीं सर्दियों में ठंडी हवा नमी व प्रदूषक तत्वों के साथ मिलकर ऐसा घना कोहरा बनाती है कि दृश्यता करीब-करीब शून्य हो जाती है।



उत्तर भारत में थार मरूस्थल से आने वाली हवाएं उत्तर प्रदेश के शहरों को अपनी गिरफ्त में ले लेती हैं। इसके अलावा, फैक्टरियों और गाड़ियों से होने वाले उत्सर्जन भी समस्या बढ़ाते हैं। फिर, उत्तर भारत के कई शहरों में बड़े पैमाने पर निर्माण संबंधी गतिविधियां भी लगातार चलती रहती हैं, जिसके कारण यहां की आबोहवा और बिगड़ती जा रही है। पर सिर्फ प्राकृतिक लाभ की वजह से दक्षिणी राज्य कम प्रदूषित नहीं हैं। पिछले अनेक वर्षों में यहां कई ऐसे उपाय किए गए हैं, जिनसे इस मामले में तरक्की हुई है।

इनमें सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि दक्षिण के राज्य देश के उत्तरी राज्यों की तुलना में बेहतर सामाजिक संकेतकों को जी रहे हैं। नीति आयोग के मुताबिक, बड़े राज्यों में किए गए विश्व बैंक के अध्ययन बताते हैं कि केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना समग्र प्रदर्शन के मामले में अन्य सभी राज्यों पर बीस साबित हुए हैं। इस अध्ययन में स्वास्थ्य सेवाओं, शासन और सूचना आदि को भी शामिल किया गया था।

दक्षिण की तुलना में उत्तर भारत में कहीं अधिक युवा है, क्योंकि दक्षिणी राज्य की आबादी तेजी से बुजुर्ग हो रही है। उत्तर भारत को अपने इस जनसांख्यिकीय लाभांश को निश्चय रूप से राष्ट्र के समग्र और तेज विकास के लिए उपयोगी बनाने की जरूरत है। मगर उच्च जनसंख्या वृद्धि उत्तरी राज्यों पर दबाव बढ़ा रही है। मसलन, अगले 15 वर्षों में बिहार की आबादी महाराष्ट्र से अधिक हो सकती है। राजस्थान भी तमिलनाडु से अधिक आबादी वाला राज्य है। जाहिर है, उत्तर में जहां जनसंख्या विस्फोट की स्थिति है, वहीं दक्षिण में जनसंख्या वृद्धि दर गिर रही है।

इसका निस्संदेह वायु प्रदूषण के स्तर पर प्रभाव पड़ता है। 'ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज' की हालिया रिपोर्ट बताती है कि साल 2013 में दुनिया भर में 55 लाख अकाल मौत का कारण वायु प्रदूषण था। यह अब सभी जानते हैं कि वायु प्रदूषण का मानव स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है, खासतौर से श्वसन तंत्र और हृदय पर। इसके अलावा, यह फसल की पैदावार और जैव विविधता व पारिस्थितिकी तंत्र को भी काफी गहरे तौर पर प्रभावित करता है।

वायु प्रदूषण का एक अन्य कारण बढ़ता शहरीकरण है। तमिलनाडु और केरल भारत के सबसे अधिक शहरीकृत सूबों में एक हैं। राज्य की जनसंख्या लगभग ग्रामीण और शहरी के बीच बंटी हुई है। यहां तक कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं और नागरिक प्रशासन देखे जा सकते हैं। कमोबेश यही कहानी केरल और कर्नाटक की है। इसके उलट, उत्तर प्रदेश का 22 फीसदी हिस्सा शहरी है। देखा जाए, तो ग्रामीण आबादी में बसावट के लिहाज से उत्तर प्रदेश देश में सबसे ऊपर है।

सर्दियों के मौसम में उत्तर भारत में वायु प्रदूषण की स्थिति और खराब हो जाती है। इस समय दक्षिणी राज्यों में जहां प्रदूषण का औसत स्तर अच्छे से मध्यम के बीच होता है, वहीं उत्तर में यह कभी सामान्य नहीं हो पाता। यहां तक कि सबसे अच्छी स्थिति में भी दिल्ली जैसे शहरों में वायु प्रदूषण का सूचकांक स्वीकार्य स्तर से तीन गुना अधिक रहता है। दिवाली के समय तो पटाखों के कारण पीएम 2.5 का स्तर 1,000 के पार चला जाता है। जबकि तमिलनाडु जैसे राज्यों में यह कोई भी अनुभव कर सकता है कि किस तरह से लोग पर्व-त्योहारों में अपने गांव की ओर जाते हैं, और अपनी जड़ों की ओर लौटने के कारण प्रकृति एवं वहां की आबोहवा की सुरक्षा के मामले में तत्पर होते हैं।

दिल्ली में वायु प्रदूषण तो पंजाब-हरियाणा में किसानों द्वारा फसल कटाई के बाद पराली जलाने के कारण भी होता है। वायुमंडल में फंसा धुआं पूर्व की ओर राजधानी व अन्य शहरों की तरफ बढ़ता है। इससे वहां धुंध और कोहरे की काली चादर पसर जाती है। यहां इस बाबत कई ऐसे अध्ययन हुए हैं, जो बताते हैं कि वायु प्रदूषण के कारण जीवन प्रत्याशा कम हो जाती है। साफ है, अस्वीकार्य स्तर पर वायु प्रदूषण के कारण साफ आबोहवा को लेकर आम लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने की दरकार है। औद्योगिक इकाइयों को घनी बस्तियों से ज्यादा से ज्यादा दूर करना चाहिए, निर्माण गतिविधियों के दौरान प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए जरूरी कदम उठाए जाने चाहिए और शहरी इलाकों में हरियाली बढ़ाई जानी चाहिए। इन सबके अलावा, हरित परिवहन को बढ़ावा दिए जाने की भी जरूरत है। अगर दक्षिण के कुछ सबक हैं, तो उत्तर उन पर अमल कर सकता है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# जबावदेही कानून से आखिर कितनी बढ़ेगी पारदर्शिता

विजय विद्रोही ,वरिष्ठ पत्रकार



राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार जवाबदेही कानून बनाने जा रही है। 'राजस्थान भागीदारी, जवाबदेही और सामाजिक अंकेक्षण कानून' नाम से इसका मसौदा भी तैयार कर लिया गया है। ऐसा कानून बनाने और लागू करने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य होगा। फिर देश के अन्य राज्यों पर भी दबाव बढ़ जाएगा। गौर कीजिए, राजस्थान ही देश का वह पहला राज्य है, जिसने सूचना का अधिकार कानून लागू किया था। भैरों सिंह शेखावत के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने तब यह काम किया था।

बहरहाल, यह जवाबदेही कानून क्या है? यह 'गारंटीड डिलीवरी ऑफ पब्लिक सर्विस ऐक्ट' से अलग कैसे है? दरअसल, प्रस्तावित विधेयक यह कहता है कि अगर किसी को राशन नहीं मिल रहा, तो वह व्यक्ति इसकी शिकायत दर्ज करा सकेगा, जिसकी सुनवाई में एसडीएम और राशन विभाग से जुड़े तमाम अधिकारी मौजूद रहेंगे। यह सुनवाई पंचायत स्तर पर होगी, ताकि उसमें गांव के अन्य लोग भी शामिल हो सकें। इस सुनवाई में जन-प्रतिनिधियों को भी बुलाया जाएगा, और 15 दिनों में शिकायत का जवाब देना होगा। अगर शिकायतकर्ता जवाब से संतुष्ट नहीं, तो वह जिला कमेटी को शिकायत कर सकेगा, जहां एक महीने में समस्या का निवारण अनिवार्य होगा। और यदि शिकायत सही पाई गई, तो संबंधित अधिकारी को जवाबदेह बनाते हुए उसके खिलाफ लापरवाही बरतने संबंधी विभागीय कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, शिकायतकर्ता को 25 हजार रुपये तक का हर्जाना दिए जाने की भी व्यवस्था होगी।


इस कानून की सबसे खास बात यह है कि शिकायतकर्ता को यह पता होगा कि किस सरकारी विभाग का कौन सा अफसर उसका काम करने के लिए जिम्मेदार है, और काम न होने की सूरत में उस अधिकारी की जवाबदेही बनती है। अभी तक यही होता रहा है कि काम समय पर न होने पर पूरा विभाग एक-दूसरे को बचाने में लग जाता था और किसी एक की जवाबदेही तय नहीं हो पाती थी, न कोई दंडित हो पाता था। अब कुसूरवार बच नहीं पाएंगे। सरकारें आमतौर पर सूचना के अधिकार से डरती हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे उनकी योजनाओं का सच सामने आ जाएगा, उनकी गड़बड़ियां सामने आ जाएंगी, तो बदनामी होगी। राजस्थान में तो पंचायत स्तर पर सोशल ऑडिट की बात कही गई थी। लेकिन तब पंचों-सरपंचों ने इसका विरोध किया था। लेकिन सूचना के अधिकार की लड़ाई लड़ने वाली अरुणा राय पिछले पांच वर्षों से जवाबदेही कानून के लिए संघर्ष कर रही हैं। राज्य में जवाबदेही कानून लाने के लिए सरकार पर दबाव डालने के मकसद से एक जवाबदेही यात्रा भी निकाली गई थी। यात्रा के दौरान इस आंदोलन के समर्थन में 25 हजार लोगों ने 'मिस्ड कॉल' की, 26 हजार पर्चे बांटे गए। इस यात्रा के दौरान लोगों ने अपनी शिकायतों को सामने रखा। 17 दिन की उस यात्रा में 2,400 शिकायतें आम जनता ने सामने रखी। जन-संगठनों की तरफ से दावा किया गया कि बैंक संबंधी गलतियों और वार्षिक सत्यापन न होने के कारण करीब सवा लाख लोगों की पेंशन अटकी पड़ी है। जन-संगठनों ने यात्रा ही नहीं निकाली, बल्कि जिलाधिकारियों को ज्ञापन देकर पेंशन के लिए तरस रहे लोगों को राहत पहुंचाने की भी कोशिश की। जिस तरह से आम गरीब आदमी इस यात्रा का हिस्सा बना, उससे साफ पता चलता है कि सूचना के अधिकार से लेकर 'गारंटीड डिलीवरी ऑफ पब्लिक सर्विस ऐक्ट' लागू होने के बावजूद लोगों को न सही सूचना मिल पा रही है और न उनके काम समय पर हो पा रहे हैं। लोगों को दलालों की मदद लेनी पड़ रही है। यह हाल अगर राजस्थान का है, जहां ये दोनों कानून लागू हैं, तो जाहिर है कि पूरे देश में हालात और बुरे होंगे।

पर सवाल यह है कि जवाबदेही कानून लागू होने से क्या जनता का वास्तव में भला हो सकेगा? राजस्थान में सूचना का अधिकार लागू है, लोकायुक्त की व्यवस्था है, 'गारंटीड डिलीवरी ऑफ पब्लिक सर्विस ऐक्ट' है। इस कानून के तहत भी जन्म-मरण प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र बनाने से लेकर जमीन-जायदाद के कागजात तय समय में दिए जाने के कड़े प्रावधान हैं। पर देखा गया है कि सूचना आयुक्तों के पद खाली रहते हैं, लोकायुक्त के यहां जांच का काम लंबा खिंचता है, फिर लोकायुक्त की सिफारिशों को सरकार लंबे समय तक टाले रखती है। दिक्कत यह है कि समय पर काम न होने के बावजूद लोग शिकायत नहीं दर्ज कराते। उन्हें लगता है कि शिकायत की, तो काम बिल्कुल न हो सकेगा। वे दलालों के जरिये काम निकलवा लेते हैं। ऐसे में, बड़ा सवाल यह है कि जवाबदेही कानून बन भी गया, तो क्या वास्तव में पारदर्शिता आ पाएगी? क्या सरकारी अधिकारी और कर्मचारी डरेंगे?

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

### श्रीमती अंजली जैन की कलम से...





जंगल जैसा जीवन एहसास है, हम सबका आधे-अधूरे पेड़, आधा-अधूरी जीवन हम सबका।

-अंजली जैन
7024460938

# कॉमन एंट्रेस टेस्ट के खतरे

अजीत द्विवेदी

नई शिक्षा नीति के तहत केंद्र सरकार ने सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों में स्नातक कक्षाओं में दाखिले के लिए एक साझा दाखिला परीक्षा कराने का ऐलान किया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी ने कॉमन यूनिवर्सिटीज एंट्रेस टेस्ट यानी सीयूईटी 2022 की आवेदन प्रक्रिया और परीक्षा का फॉर्मेट आदि जारी कर दिया है। पहली नजर में देखने पर ऐसा लग रहा है कि यह बहुत अच्छी पहल है क्योंकि इससे केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दाखिले की चाहत रखने वाले सभी छात्रों को बराबरी का मैदान मिलेगा। यह इसलिए जरूरी लग रहा है क्योंकि पिछले कुछ समय से कई राज्यों की बोर्ड परीक्षाओं में और केंद्रीय माध्यमिक परीक्षा बोर्ड यानी सीबीएसई की परीक्षाओं में भी 99 और सौ फीसदी अंक हासिल करने वाले छात्रों की संख्या तेजी से बढ़ी है। इसलिए दिल्ली विश्वविद्यालय सहित कई और विश्वविद्यालयों में दाखिले का कटऑफ सौ फीसदी तक जा रहा है।

यूजीसी के इस फैसले की मोटे तौर पर वाहवाही ही हो रही है। ऐसा लग रहा है कि इससे 12वीं पास करके उच्च शिक्षा हासिल करने की चाहत रखने वाले छात्रों की सारी समस्याओं का हल हो जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं है। जिस तरह जेईई की परीक्षा के जरिए इंजीनयरिंग और नीट की परीक्षा के जरिए मेडिकल में दाखिले की व्यवस्था छात्रों की समस्याओं का समाधान नहीं करती हैं वैसे ही यह एंट्रेस टेस्ट भी किसी समस्या का समाधान नहीं है। उलटे इससे कुछ नई समस्याएं पैदा हो सकती हैं, जैसे नीट की परीक्षा के कारण तमिलनाडु में पैदा हुई है। बहरहाल, सबसे पहली बात तो यह है कि केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए परीक्षा की व्यवस्था शुरू होने से 12वीं के अंकों का महत्व खत्म हो जाएगा। दाखिला परीक्षा में शामिल होने के लिए न्यूनतम अंक हासिल करने की एक अर्हता रखी जाएगी, उसके अलावा इन अंकों का कोई महत्व नहीं होगा।

इसका पहला असर तो यह होगा कि पढ़ाई का पूरा पैटर्न बदल जाएगा। बोर्ड की परीक्षा के लिए अभी छात्र समग्रता में पढ़ाई करते हैं। क्योंकि उन्हें पता है कि इस अंक के आधार पर उनको अच्छे विश्वविद्यालय और मनपसंद कोर्स में दाखिला मिलेगा। अगर अच्छे विश्वविद्यालय और मनपसंद कोर्स के लिए 12वीं के अंकों का महत्व खत्म हो जाएगा तब छात्र क्लासरूम की पढ़ाई पर कम ध्यान देंगे। फिर उनकी पढ़ाई सीधे दाखिला परीक्षा की तैयारियों पर केंद्रित हो जाएगी। जाहिर है यह पढ़ाई क्लासरूम में नहीं होगी।


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239




























# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़







## खास खबर

### मुस्कान में सेलेब्रल पॉलिसी पर हुई कार्यशाला

**भिलाई।** त्रिविधा विकास समिति द्वारा संचालित मुस्कान दिव्यांग विद्यालय एवं पुनर्वास केंद्र के सुब्रत बॉस सभागार में दिव्यांगता से जुड़ी बीमारी से लेब्रल पॉलिसी पर कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिशासी निर्देशक कार्मिक एवं प्रशासन के के सिंह ने मुस्कान के समर्पित शिक्षक शिक्षिकाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपका कार्य अतुलनीय है इस तरह की कार्यशाला से शिक्षकों एवं एवं पालको को बहुत अधिक सहायता मिलती है ऐसे छोटे-छोटे प्रयास दिव्यांगों को नई दिशा एवं दशा देते हैं त्रिविधा विकास समिति के पदाधिकारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था ने अंचल में मानवता की मिसाल पेश की है कार्यशाला में अतिथि वक्ता के रूप में जिला चिकित्सालय दुर्ग से पधारी डॉक्टर अंकिता ठाकुर ने कहा कि हमारा लक्ष्य दिव्यांगता का प्रमाण पत्र बनाना नहीं होना चाहिए बल्कि दिव्यांगता को कम करने या समाप्त करने मैं होना चाहिए दिव्यांगता का पता जितनी जल्दी लगेगा उसका इलाज भी उतनी जल्दी संभव होगा डॉक्टर अंकिता ठाकुर ने सेलिब्रेलपॉलिसी से संबंधित पहचान परेशानियों तथा उसके निराकरण के संबंधों में विस्तृत जानकारी दी कार्यशाला के विशिष्ट अतिथि कमलेश पटेल उपसंचालक समाज कल्याण विभाग दुर्ग ने सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी प्रदान की इस अवसर पर दिव्यांगों के इंश्योरेंस निरामय की जानकारी कल्याणी संस्था द्वारा दी गई प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत संस्था के पदाधिकारी सुधीर जोशी राकेश शर्मा अनिल बंसल तथा अजय कांत भट्ट ने किया इस अवसर पर अतिथि के रूप में महाप्रबंधक शेखर उपस्थित थे।

## सामूहिक विवाह में 297 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे, मंत्री श्रीमती भेंड़िया ने दिया आशीर्वाद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया के मुख्य आतिथ्य में कांकेर जिले के अंतागढ़ में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 297 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। श्रीमती भेंड़िया ने दंपत्तियों को सुखमय जीवन के लिए आर्शीवाद देते हुए कहा कि योजना के क्रियान्वयन से कमजोर वर्ग के लोगों को राहत मिली है और फिज़ूल खर्ची रूकी है। सामूहिक विवाह में सभी समाज व वर्ग के लोग भागीदारी निभा रहें हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना अंतर्गत पहले 15 हजार रूपये का प्रावधान किया गया था, जिसे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा बढ़ाकर 25 हजार रूपये कर दिया गया है।**

वर-वधु दोनों दिव्यांग होने पर नि:शक्तजन विवाह योजना के तहत उन्हें एक लाख रूपये की सहायता दी जाती है। इस प्रावधान के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त किया। परिणय सूत्र में बंधे नव दंपत्तियों को अपना आर्शीवाद देते हुए श्रीमती भेंड़िया ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अंतागढ़ के विधायक एवं मुख्यमंत्री अधोरंसचना विकास प्राधिकारण के सदस्य श्री अनुप नाग ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामुहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रीति-रिवाज, परंपरा का पालन करते हुए बेटियों का सामूहिक विवाह संपन्न किया जा रहा है। अंतागढ़ में इस कार्यक्रम का आयोजन होना इस अंचल के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माता-पिता अपने संतान के व्यस्क होते ही उनके विवाह के लिए चिंतित रहते है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से गरीब परिवारों को इस चिंता से मुक्ति मिली है, इस योजना के क्रियान्वयन से फिज़ूल खर्ची भी रूकी है। परंपरा का पालन करते हुए धूम-धाम से कन्या का विवाह संपन्न कराया जा रहा है। श्री नाग ने नव दंपत्तियों को उनके सुखमय जीवन के लिए अपनी शुभकामना एवं आर्शीवाद दिया।

कार्यक्रम को जिला पंचायत के अध्यक्ष श्री हेमंत ध्रुव ने भी संबोधित किया। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए बहुत मदतगार साबित हो रहा है। कार्यक्रम को योजना आयोग की सदस्य श्रीमती कांतीबाई नाग ने संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार महिलाओं की आर्थिक मजबूती के लिए अनेक कार्यक्रम संचालित किया जा रहा हैं। स्व-सहायता समूहों के माध्यम से उन्हे आर्थिक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है, जिससे उनके जीवन स्तर में बदलाव आया है।

अपर कलेक्टर श्री सुरेन्द्र कुमार वैद्य ने अपने उद्बोधन में बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत अंतागढ़ में आयोजित कार्यक्रम में 297 जोड़ो का सामूहिक विवाह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना अंतर्गत शासन द्वारा दंपत्तियों को 19 हजार रूपये की सामग्री एवं एक हजार पांच सौ रूपये प्रोत्साहन एवं परिवहन राशि नकद प्रदाय की जाती है तथा 04 हजार 05 सौ रूपये आयोजन में व्यय किये जाते हैं। इस अवसर पर बस्तर विकास प्राधिकरण के सदस्य बिरेश ठाकुर, पर्यटन मण्डल के सदस्य नरेश ठाकुर, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सुभद्र सलाम, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला, जनपद पंचायत अंतागढ़ के अध्यक्ष बद्रीनाथ गावड़े, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अमिता उईके सहित जनप्रतिनिधी एवं वर-वधु के माता-पिता और ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक संपन्न

## चुनाव का बिगुल बज चुका है दिन-रात संघर्ष के लिए कार्यकर्ता तैयार रहें - बृजमोहन अग्रवाल



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। आज भाजपा रायपुर जिला कार्यसमिति की बैठक एकात्म परिसर में पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के मुख्य अतिथि व जिलाध्यक्ष चंद सुन्दरानी की उपस्थिति में संपन्न हुई। पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि आने वाला वर्ष चुनावी वर्ष है कार्यकर्ताओं को समझना होगा कि चुनाव का बिगुल बज चुका है। अब कार्यकर्ताओं को दिन-रात संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा।**

उन्होंने कहा कि असली चुनावी रणनीति संगठन के अंतिम घटक शक्ति केंद्र व बूथ पर रहती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की तर्ज पर अब हमें उन के गठन के लिए परिणाम मूलक कार्य करने होंगे।

भाजपा जिला अध्यक्ष चंद सुन्दरानी ने बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व के कार्यों की मंडलवार समीक्षा की। उन्होंने कहा सतत प्रवाह का नाम ही संगठन है पर उस प्रवाह की समीक्षा जरूरी है। जिला कार्यसमिति में जिला उपाध्यक्ष अमरजीत चावला ने राजनीतिक प्रस्ताव पेश किया। प्रस्ताव का समर्थन जिला मंत्री संजय तिवारी ने किया। भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस सरकार के वादाखिलाफी, यूजर चार्ज बढ़ाने, शहर में बढ़ते नशे के कारोबार व अपराध व कोविड-19 में हुए किराया घोटाले से होने वाले जनता की तकलीफों को लेकर प्रस्ताव पेश किया। वह जनता के हक के लिए संघर्ष करने का संकल्प पारित किया। बैठक को भाजपा प्रवक्ता संजय वास्तव ने भी संबोधित किया। मंच संचालन महामंत्री रमेश सिंह ठाकुर व आभार प्रदर्शन सहकार्यालय मंत्री जितेंद्र जैन ने किया। बैठक में सच्चिदानंद उपासने,सुभाष तिवारी,जिला महामंत्री रमेश सिंह ठाकुर, सूर्यकांत राठौर, मिर्जा इरशाद बेग, अशोक पांडेय, अवधेश जैन, जिला मीडिया प्रभारी अनुराग अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

साहू समाज ने भक्त माता कर्मा जयंती पर शासकीय अवकाश घोषित करने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया

## मुख्यमंत्री बघेल ने भक्त माता कर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना कर राज्य की खुशहाली की कामना की

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज साहू समाज की आराध्य देवी शिरोमणि भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में भक्त माता कर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना कर राज्य की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा, अन्य पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री दलेश्वर साहू, खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी साहू, तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष श्री संदीप साहू सहित साहू समाज के कई पदाधिकारियों ने भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना में शामिल हुए।**





साहू समाज के पदाधिकारियों ने भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा शासकीय अवकाश घोषित किए जाने के लिए उनका आभार जताया और कहा कि इससे जयंती पर्व का मान बढ़ा है। भक्त माता की जयंती के कार्यक्रमों में लोगों की सहभागिता बढ़ी है। पूरा साहू समाज इसको लेकर हर्षित है। उन्होंने बताया कि राज्य में इस साल भक्त माता कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई और शोभायात्रा-कलश यात्रा भी निकाली गई।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को साहू समाज के पदाधिकारियों ने भक्त माता कर्मा की प्रतिमा भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में साहू समाज सहित सभी समाजों द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती का बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। लोगों की आस्था का सम्मान करते हुए राज्य सरकार ने भक्त माता कर्मा जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि राजिम में मेला स्थल का सुव्यवस्थित विकास का काम कराया जा रहा है। इससे श्रद्धालुओं को सुविधा होगी।

साहू समाज के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से साहू समाज की पूजनीय विभूतियों के संबंध में विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार सभी समाज और वर्गों की सहभागिता उनके तीज-त्यौहार, पर्व और धार्मिक आस्थाओं का मान और सम्मान के लिए लगातार काम कर रही है।

उन्होंने साहू समाज के पदाधिकारियों से छत्तीसगढ़ में खेती-किसानी को समृद्ध बनाने तथा किसानों की स्थिति में बदलाव के लिए संचालित योजनाओं, विशेषकर राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना के संबंध में विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पशुधन के संरक्षण और संवर्धन के लिए गांवों में गौठानों का निर्माण किया जा रहा है। गौठान वास्तव में गांव की संपत्ति है। इसका बेहतर संचालन और यहां पर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने की जिम्मेदारी गांव वालों की है। उन्होंने राज्य में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए गौठानों में उत्पादित वर्मी कम्पोस्ट का ज्यादा से ज्यादा खेती में उपयोग करने की अपील की।

तेलघानी बोर्ड की गतिविधियों के विस्तार के संबंध में भी साहू समाज के पदाधिकारियों से मुख्यमंत्री ने चर्चा की। इस अवसर पर कमलकिशोर साहू, डीडी साहू, हेमंत साहू, श्रीमती नीरा साहू, अंजोर साहू, अमरनाथ साहू, श्री बुद्धेश्वर साहू, मोतीलाल साहू सहित साहू समाज के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

वित्तीय वर्ष के आखिरी हफ्ते में बैकिंग हड़ताल, प्रदेश में रोजाना 2500 करोड़ के व्यापार का नुकसान, चेम्बर ने केंद्रीय वित्तमंत्री को चिट्ठी लिखकर जताई समस्या...

## चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने कहा- बैंकों में कार्य करने की समयावधि बढ़ाई जाए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेशाध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि वित्तीय वर्ष समाप्ति के अंतिम सप्ताह में बैंकिंग हड़ताल की वजह से प्रदेशभर में रोजाना 2000 से 2500 करोड़ से अधिक के व्यापार का नुकसान हो रहा है।**

मार्च क्लोजिंग का समय है इसमें बैंक बंद होने से टैक्स पटाने में भी समस्या हो रही है। चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने इस संबंध में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को चिट्ठी लिखकर समस्याओं से अवगत कराया है।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने कहा कि बैंकिंग संस्थान वित्तीय वर्ष की अंतिम तिथि में हड़ताल एवं अन्य कारणों के चलते लगातार बंद चल रहे हैं, जिससे दैनिक व्यापार करने वाले व्यापारियों को कैश जमा करने, चेक क्लियरिंग करवाने जैसे अनेकों परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। डिजिटल तरीके से लेन-देन करने वालों में से एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है, जो अपने दैनिक कारोबार का कैश जमा करने हेतु बैंकों पर निर्भर हैं। रोजाना लगभग 2000 से 2500 करोड़ रुपए का लेनदेन प्रभावित हो रहा है एवं बाजार में मुद्रा की कमी होती जा रही है, जिससे व्यापार और व्यवसाय पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। केन्द्र एवं राज्य के विभिन्न कर जैसे- नगर निगम का टैक्स एवं इंकम टैक्स पटाने, रजिस्ट्री आदि कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं लेन देन में आ रही बाधाओं के कारण व्यवसायियों में मानसिक तनाव उत्पन्न् हो रहा है जो परिवार, समाज और व्यापार तीनों के लिए हानिकारक है।

श्री पारवानी ने आगे कहा कि मार्च के अंतिम सप्ताह व अप्रैल के पहले सप्ताह में अवकाश होने के कारण बैंकिंग कार्यों के लिए दिक्कत होगी। इस दौरान आम दिनों की तुलना में 25 फीसदी अधिक कारोबार होता है। चूंकि पूर्व में भी ऐसी परिस्थितियों में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा व्यापारियों एवं उपभोक्ताओं के लिये सहयोग प्रदान किया गया है।

अत: वित्तमंत्री से अनुरोध है कि अवकाश अवधि में आवश्यक सेवा के अंतर्गत बैंकों में 31 मार्च तक काम के 2-3 अतिरिक्त घंटे बढ़ाने की व्यवस्था करवाने हेतु सभी बैंकों को आवश्यक निर्देश जारी करने का कष्ट करेंगे, जिससे कि व्यापारी एवं उद्योगपति तथा आम नागरिकों को बैंकों से राशि आहरण करने एवं जमा करने में कठिनाई ना हो।

### कौशल विकास योजनान्र्तत अनुसूचित जाति वर्ग के युवक-युवतियों को दिया जाएगा नि:शुल्क प्रशिक्षण

**रायगढ़।** कौशल विकास योजना के माध्यम से प्रदेश के अनुसूचित जाति वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को रायपुर एवं दुर्ग के प्रशिक्षण केन्द्रों में विभिन्न ट्रेडों में नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए आगामी 31 मार्च 2022 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। कार्यालयीन समय में 31 मार्च तक कार्यालय कलेक्टर जिला अत्यावसायी सहकारी विकास समिति, रायगढ़ कक्ष क्रमांक 94 में अपने मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर आवेदन पत्र प्राप्त कर कार्यालय जमा कर सकते हैं।


















## खास खबर

### रायपुर में होने वाले क्षेत्रीय सरस मेला में कई राज्यों की भागीदारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत गठित महिला स्वसहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी और विक्रय के लिए रायपुर के पंडरी हाट में क्षेत्रीय सरस मेला का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 29 मार्च से 7 अप्रैल तक चलने वाले इस दस दिवसीय मेले में छत्तीसगढ़ के साथ ही कई राज्यों के ग्रामीण समुदायों द्वारा निर्मित सामग्रियों की बिक्री और प्रदर्शन किया जाएगा। मेला में छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के फूड स्टॉल में लोग स्थानीय व्यजंनों का लुत्फ उठा सकेंगे। मेलास्थल में शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी होगी। 'बिहान' के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं द्वारा उत्पादित व निर्मित प्राकृतिक उत्पादों के प्रोत्साहन और विक्रय के लिए आयोजित इस मेला में लोग प्रतिदिन सवेरे 11 बजे से रात नौ बजे तक प्रदर्शनी, खरीदी, छत्तीसगढ़ी व्यंजनों तथा सांस्कृतिक संध्या का आनंद ले सकेंगे।

राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा गांवों की समृद्धि और रोजगार के लिए संचालित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन – 'बिहान' योजना के अंतर्गत इस क्षेत्रीय सरस मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेला में 'बिहान' के तहत प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में गठित महिला स्वसहायता समूहों द्वारा निर्मित कई विशिष्ट जैविक उत्पादों की प्रदर्शनी-सह-विक्रय की व्यवस्था रहेगी। कोसा, सिल्क, खादी, हैण्डलूम, बैलमेटल, टेराकोटा, बांस, काष्ठ शिल्प इत्यादि उत्पाद बिक्री और प्रदर्शनी के लिए उपलब्ध रहेंगे। प्रदेश के विभिन्न जिलों से रसायन मुक्त विशेष उत्पादों जैसे सुगंधित चावल, ब्लैक राइस, मसाले, तेल, वनोपज आधारित दुर्लभ उत्पाद, शहद इत्यादि की मेला में बिक्री की जाएगी। क्षेत्रीय सरस मेला में असम, गुजरात, मध्यप्रदेश, ओड़िशा, उत्तरप्रदेश और राजस्थान सहित अनेक राज्यों के ग्रामीण समुदायों द्वारा उत्पादित उत्कृष्ट उत्पाद भी प्रदर्शनी-सह-विक्रय के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### उत्कल महिला समाज में मुख्य अतिथि ने कहा रसोईघर तक सीमित न रहें महिलाएं, आगे आकर कार्य करें

**रायपुर (ए)।** उत्कल बस्ती में उत्कल महिला समाज के नेतृत्व में उत्कल महिलाओं ने धूमधाम से होली मिलन समारोह मनाया। मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता सावित्री जगत का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। समाज की महिलाओं ने एक दूसरे को होली की बधाई दी। समाज के लिए कुछ नया करने का सामूहिक संकल्प लिया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि हम गरीब और मजदूर हो सकते हैं, पर कमजोर नहीं । अगर महिलाएं शक्तिशाली बनेगी तो हमारा समाज भी शक्तिशाली बनेगा, महिला की प्रतिभा को रसोई घर तक सीमित ना रखें ,अपनी पहचान सिर्फ गृहणी रूप में नहीं बल्कि हमें सभी क्षेत्र में अग्रणी के रूप में पहचान बनानी है। हम राजधानी में निवास करते हैं जहां पर स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, कानून व्यवस्था सब कुछ हमारे पास है जिसका लाभ आगे आकर हम महिलाओं को लेना चाहिए। समाज मे पुरुष प्रधान मानसिकता को खत्म करके बराबरी के साथ हम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनना पड़ेगा। कुल मिलाकर महिलाओं के विकास से ही समाज का विकास होगा। महिलाओं का बड़ा संगठन खड़ा कर हक और अधिकार के लिए निरन्तर लड़ना होगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही माला दीप ने कहा कि घर से बाहर निकल कर कुछ नया नहीं करेंगे तब तक समाज में नया नहीं होगा । महिलाओं को शिक्षित और संगठित होना पड़ेगा। हमारे समाज के अंदर जो कुरीतियां है उसको मिटाने आगे आना होगा। महिलाओं के साथ जो अन्याय अत्याचार होता है उसके खिलाफ आवाज उठानी पड़ेगी। समारोह में प्रमुख रूप से हेमा सागर संगीता बघेल, हीरा महानंद, शकुन नायक मीना गीता नेहा सोनी प्रतिभा दीप दयावती सोनी हर्षा सोनी बबली सहित बड़ी संख्या में उत्कल समाज की महिलाएं उपस्थित थीं।

# सभी बहनें सशक्त बनें और मिसाल कायम करें: सुश्री उइके

### राज्यपाल सुश्री उइके एमिटी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित बीडी एसपी क्षमता निर्माण कार्यक्रम में शामिल हुई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके रायपुर जिले के तिल्दा स्थित एमिटी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित बीडी एसपी क्षमता निर्माण कार्यक्रम में शामिल हुई। इस दौरान राज्यपाल सुश्री उइके ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की।



उल्लेखनीय है कि एमिटी विश्वविद्यालय को व्यवसाय विकास सहायता प्रदाता नियुक्त किया गया है, जिसके तहत परिसर में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आई स्व सहायता समूह की 230 महिलाएं कौशल विकास का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है।

राज्यपाल सुश्री उइके ने अपने संबोधन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बहनों से कहा कि आप सभी सशक्त बनें और दूसरों के लिए मिसाल कायम करें। पिछले कुछ वर्षों में तकनीक व नवाचार के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है तथा उद्यमी के रूप में भी अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। एक समय था जब माना जाता था कि महिलाएं केवल सिलाई एवं बुनाई ही कर सकती है। लेकिन अब महिलाएं सभी क्षेत्रों में नेतृत्व कर रही हैं। आप सभी ने जो प्रशिक्षण प्राप्त किया है, उसको स्वयं तक सीमित न रखें बल्कि अन्य महिलाओं को भी जानकारी देकर प्रोत्साहित करें। उन्हें शासकीय योजनाओं के बारे में बताएं ताकि वे उसका लाभ लेकर आगे बढ़ पाएं। राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम से जनजाति बाहुल्य और असीम संभावनाओं वाले इस प्रदेश की महिलाओं का कौशल उन्नयन होगा और वे आर्थिक रूप से सक्षम होंगी। प्रदेश में कई उत्पाद जैसे बेल धातु, वनौषधियां, बांस व लकड़ी से बने वस्तुओं की वैश्विक बाजार में काफी मांग है और जनजातीय समाज इससे सीधे जुड़ाव के कारण उन्हें आजीविका के साथ अच्छी आमदनी भी प्राप्त हो रही है। प्रदेश में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की एक अच्छी पहल है, जिसके तत्वावधान में महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। प्रशिक्षण से बस्तर, सरगुजा, राजनांदगांव तथा रायपुर के 230 महिलाएं अपने कौशल एवं व्यावसायिक क्षेत्र में पारंगत होंगी तथा प्रदेश व अपने परिवार के विकास में बराबर की भागीदार बनेंगी। संपदा संपन्न इस प्रदेश में महिलाओं को सतत् रूप से ऐसे अवसर प्रदाय करने की आवश्यकता है जिससे वे आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ सकें। राज्यपाल सुश्री उइके ने इस दौरान विभिन्न पदों पर रहते हुए अपने तथा देश-प्रदेश की अनेक संघर्षशील महिलाओं का उदाहरण देकर प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने संबोधन के अंत में महिलाओं से कहा कि आपको नेतृत्व करना है तभी आप समाज और देश को कुछ दे पाएंगे।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. विलियम्स सेल्वामूर्ति ने भी महिलाओं के प्रशिक्षण और विश्वविद्यालयीन गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं का उत्साह ही परिवर्तन का सूचक है। आपको जो प्रशिक्षण मिला है, वह आपके सपनों को जरूर पूरा करेगा। इस दौरान राज्यपाल सुश्री उइके को विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय, बीडी एसपी कार्यक्रम संयोजक सत्येन्द्र पटनायक सहित प्राध्यापक, विद्यार्थीगण और स्वसहायता समूह की प्रशिक्षु महिलाएं उपस्थित थी।

## पीएमईजीपी योजना अंतर्गत सेमिनार का हुआ आयोजन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ हॉट परिसर पंडरी रायपुर में आज पीएमईजीपी योजना अंतर्गत वित्त पोषित सफल उद्यमियों एवं बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता रेखा शुक्ला प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड ने की। प्रबंध संचालक रेखा शुक्ला ने सभी उद्यमियों को गुणवत्तापूर्वक उत्पाद तैयार करने की बात कही। जिससे विपणन में आसानी से हो सके। उद्यमियों की मांग पर सभी उद्यमियों को योजनाओं से जोड़ने का भी आश्वासन दिया गया। उन्होंने कहा कि बाहर से जो उत्पाद तैयार होकर स्थानीय बाजार में बिकने आता है। यदि उसे स्थानीय स्तर पर तैयार किया जाए तो अधिक से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध होगा।

कार्यक्रम के दौरान प्रेमचंद साहू ने पीएमईजीपी योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि यदि इसके माध्यम से बेरोजगारों को स्वयं का रोजगार स्थापित करने में मदद की जाए तो वह स्वयं स्वावलंबी होने के साथ-साथ अन्य बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने सक्षम हो सकेंगे। सेमीनार में विशेष कश्यप, पराग सिंघई, सौरभ सिंह, आसिफ सिद्धकी, जुगल किशोर सिन्हा, दीपक सोनकर, रामेश्वर राठौर आदि सफल उद्यमियों ने अपनी-अपनी इकाईयों के विषय में प्रस्तुतिकरण के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अधिकारियों, शंकराचार्य कॉलेज के प्रतिनिधि एवं स्व-सहायता समूह के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## जननायक वीर गुण्डाधूर की स्मृति में नेतानार में आभार आयोजन, वीर गुण्डाधूर के वंशजों का किया गया सम्मान

### वीर गुण्डाधूर आदिवासी अस्मिता के प्रतीकः संसदीय सचिव रेखचंद जैन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान नवा रायपुर एवं बस्तर जिला प्रशासन द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर बस्तर जिले के ग्राम नेतानार में भूमकाल विद्रोह के जननायक वीर गुण्डाधूर की स्मृति में उनके स्मारक स्थल पर आभार आयोजन किया गया है। अतिथियों और समाज प्रमुखों द्वारा कार्यक्रम के प्रारंभ में भूमकाल विद्रोह के जननायक वीर गुण्डाधूर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। आभार कार्यक्रम में वीर गुण्डाधूर के वंशजों को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 6 स्थानों के नर्तक दलों द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी गई। स्वतंत्रता संग्राम में वीर गुण्डाधूर के योगदान पर परिचर्चा एवं उनके जीवन पर आधारित लघु पुस्तिका (बुकलेट) का वितरण और वीर गुण्डाधूर के योगदान को समर्पित नाटक का मंचन भी किया गया।

संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वीर गुण्डाधूर आदिवासी अस्मिता के प्रतीक हैं। अंग्रेजों के शासन काल में बस्तर जैसी जगह से 1910 में अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह करना और विद्रोह के प्रसार के लिए आम की टहनी, हरी मिर्च का उपयोग करने वाले वीर गुण्डाधूर की स्मृति में राज्य सरकार द्वारा तीरंदाजी अकादमी का नाम शहीद वीर गुण्डाधूर रखा गया है। धुरवा समाज सहित बस्तर संभाग के सर्व आदिवासी समाज ने बस्तर के विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया है, जो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की जनहितैषी नीतियों के कारण बस्तर आज विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, नगर निगम सभापति कविता कश्यप, पूर्व विधायक अन्तुराम कश्यप ने संबोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनिराम कश्यप, जनपद सदस्य नीलूराम बघेल, सरपंच सकुरा नाग सहित धुरवा, भतरा, हल्बा, कोया समाज के प्रतिनिधि, आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर के अपर संचालक एके गढ़ेवाल, उपायुक्त आदिवासी विकास श्री विवेक दलेला सहित अन्य अधिकारी और समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

राष्ट्रीय सबजूनियर फेंसिंग प्रतियोगिता

## बालक और बालिका वर्ग ओवरआल का खिताब हरियाणा और कर्नाटक को

### छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमेन महेंद्र सिंह छाबड़ा ने विजेताओं को किया पुरस्कृत

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित जैनम मानस भवन में आयोजित 23 वीं सब जूनियर राष्ट्रीय फेंसिंग प्रतियोगिता बालक वर्ग में ओवरआल का खिताब हरियाणा और बालिका वर्ग का खिताब कर्नाटक ने जीता। प्रतियोगिता के समापन समारोह में छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमेन महेंद्र सिंह छाबड़ा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार एवं मेडल वितरित कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा ने की। विशेष अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ हाऊसिंग बोर्ड के सदस्य विनोद तिवारी शामिल हुए।

प्रतियोगिता के फाइनल इवेंट के बालिका वर्ग में विजेता मणिपुर, उपविजेता महाराष्ट्र, तीसरा स्थान तमिलनाडू एवं हरियाणा रहा। इसी प्रकार बालक वर्ग में विजेता हरियाणा, उपविजेता मणिपुर और पंजाब एवं महाराष्ट्र तीसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के सेबर इवेंट के बालक वर्ग में विजेता तमिलनाडू, उपविजेता दिल्ली और तीसरा स्थान पंजाब एवं हरियाणा को गया। इसी प्रकार बालिका वर्ग में विजेता दिल्ली, उपविजेता हरियाणा और तीसरा स्थान पंजाब एवं मणिपुर को मिला।

सबजूनियर फेंसिंग प्रतियोगिता के एपी इवेंट के बालिका वर्ग में विजेता कर्नाटक, उपविजेता महाराष्ट्र और तीसरे स्थान पर तमिलनाडू एवं हरियाणा रहा। इसी प्रकार बालक वर्ग में विजेता हरियाणा, उपविजेता मणिपुर और महाराष्ट्र एवं जम्मू-कश्मीर को तीसरा स्थान मिला। इस चौंपियनशिप के बालक वर्ग में ओवरऑल टॉप फाइव हरियाणा प्रथम स्थान, मणिपुर द्वितीय, तमिलनाडु तृतीय, पंजाब चतुर्थ और दिल्ली पांचवें स्थान पर रहा। इसी तरह बालिक वर्ग ओवरऑल टॉप फाइव में कर्नाटका प्रथम, मणिपुर द्वितीय, हरियाणा तृतीय, महाराष्ट्र चतुर्थ और तमिलनाडू पांचवें स्थान पर रहा।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

• जीन्स
• टी-शर्ट
• शर्ट
• ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

श्री सांई जींस कॉर्नर
ओम सांई कलेक्शन
■ मेन्स वेयर ■ किड्स वेयर
■ लेडिस वेयर ■ वेडिंग कलेक्शन
9827115003, 9806303000
जवाहर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

मोमोस नास्ता सेंटर...
थापा शुद्ध मोमोस सेंटर
| | फुल | हाफ |
|---|---|---|
| वेज मोमोस | 40/- | 20/- |
| मनचुरियन मोमोस | 50/- | 30/- |
| पनीर मोमोस | 60/- | 30/- |
मोमोस-10, 20 और 30 रु. का भी मिलता है। शुद्ध बिना ऑयल का बना
मो.-9977690915, 7898349602
सर्कुलर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

नाकोड़ा साड़ी सेंटर
एक्सक्लूसिव साड़ी शोरुम
फैंसी साड़ी, वैवाहिक साड़ियां डिज़ाईनर साड़ियां एवं सलवार सूट, लांचा
जवाहर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंक रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

# केजीएफ-2: सायनाइड एरिया जैसी खतरनाक जगह पर किया गया शूट: विजय किरगंदुर

**साउथ के सुपरस्टार यश की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'केजीएफ-2' का ट्रेलर 27 मार्च को रिलीज हो चुका है। रिलीज के बाद से ही फिल्म का ट्रेलर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। फैंस ट्रेलर को काफी पसंद कर रहे हैं और इसकी जमकर तारीफ भी कर रहे हैं। 'केजीएफ-2' के प्रोड्यूसर विजय किरगंदुर ने फिल्म से जुड़ी कई बातें शेयर की हैं। विजय किरगंदुर 'होम्बेल फिल्म्स' के निर्माता और संस्थापक हैं। उन्होंने ही 'केजीएफ-1' भी प्रोड्यूस की थी।**



### क्या है इस फिल्म को बनाने के पीछे की कहानी?

फिल्म बनाने के पीछे की कहानी? यह फिल्म की स्केल थी और हर दिन इसमें शामिल होने वाले लोगों की संख्या थी। लगभग 50 से 60 दिनों तक, किसी भी समय 1000 जूनियर आर्टिस्ट सेट पर हुआ करते थे। तो यह हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती में से एक था। और जैसे सेट ऐसे लगाए गए थे वो बहुत बड़ा काम था। जैसे बड़े सेट लगाए गए थे और हर सेट को बनाने में लगभग 30 से 40 दिन लगते थे ताकि फिल्म में जिस तरह के हाइलाइट्स हैं उससे जुड़े स्केल पर और एक्शन पर काम हो सके।

### आपके सामने आने वाले चैलेंज जिस पर आप बात करना चाहें?

सबसे बड़ा चैलेंज कोविड था। फिर इसके अलावा, फिल्म के मेन पोर्शन को 'केजीएफ' में ही शूट कर लिया था और ये अब एक साइनाइड एरिया था जहां बहुत सारी धूल थी और यह शूट जल्दबाजी वाला नहीं था। इसलिए मौसम के मद्देनज़र हमारे सामने काफी चैलेंज थे। अगर बारिश होती थी, तो सब ठीक होता ही था। नहीं तो धूप के दिनों में धूल बहुत होती थी। यह चैलेंज का महत्वपूर्ण हिस्सा था। जैसे, हमने 'केजीएफ' में ही लगभग 60 से 70 दिन की शुरुआती शूटिंग की थी। तब वहां यह बहुत बड़ा चैलेंज था।

### फिल्म के एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग कहां हुई थी?

ज्यादातर एक्शन सीक्वेंस जिंदल फैक्ट्री, केजीएफ और बैंगलोर में भी कवर किए गए हैं। इसलिए 90प्रतिशत शूटिंग कर्नाटक में की गई थी और इसका कुछ हिस्सा राजस्थान में भी शूट किया गया था। एक प्रमोशनल सॉन्ग भी है, जिसे हमने केजीएफ के सेलिब्रेशन के समय में सभी शहरों में शूट किया है। यह मेन फिल्म का हिस्सा नहीं है, लेकिन यह एक प्रमोशनल सॉन्ग के रूप में एंड में आएगा। इसे देश भर के लगभग सभी राज्यों में शूट किया गया था। बस एक गाना इस तरह शूट हुआ है।

### इस बार 'केजीएफ-2' में रॉकी का कैरेक्टर कितना अलग होगा?

आप रॉकी का पूरा ट्रांसफॉर्मेशन देख सकते हैं। पुराने से रॉकी से नए रॉकी में एकदम पूरा बदलाव, लेकिन इस बार कारण है बुराई के खिलाफ लड़ाई। एक अलग ट्रांसफॉर्मेशन है जिसके चलते आप पूरी तरह से अलग रॉकी को देखेंगे।

### क्या इस बार फिल्म में लीड एक्ट्रेस के लिए कुछ खास है या सिर्फ रॉकी ही प्राइम फेस है?

नहीं, यह पूरी तरह से रॉकी पर फोकस नहीं है जैसे कहानी का मेन कोर, मां जैसी महिला पर निर्भर करता है। मां की भावना है। महिलाओं से संबंधित बहुत सारी वैल्यू हैं और हीरोइन के लिए भी एक महत्वपूर्ण रोल है। बुधवार को जारी हुए पोस्टर में महिलाओं को भी शामिल किया गया है। रवीना इसमें अहम रोल में हैं। फिल्म में महिलाओं पर भी काफी फोकस किया गया है।

### क्या आपके पास बॉलीवुड के लिए भी कोई स्क्रिप्ट तैयार है?

प्लानिंग तो चालू है। हम स्क्रिप्ट फाइनल कर रहे हैं। फिलहाल इतना ही कहूंगा कि हम स्क्रिप्ट की मांग के आधार पर निर्देशक के साथ डील को फाइनल रूप देते हैं फिर स्टारकास्ट चुनते हैं। हिंदी फिल्म के लिए हम लगभग स्क्रिप्ट को फाइनल रूप दे रहे हैं। अगर स्क्रिप्ट बॉलीवुड से कुछ ए लिस्टर्स की मांग करती है, तो हम निर्देशक और स्क्रिप्ट की मांग के अनुसार आगे बढ़ कर स्टारकास्ट का चयन करेंगे। इसलिए ऐसे कुछ प्लान हैं जिनकी घोषणा हम बहुत जल्द करेंगे। अभी सिर्फ ये कि फिल्म में हमारे कुछ प्लान हैं। भले ही फिल्म हिंदी में हो पर मल्टीलिंगुअल की तरह हम क्षेत्रीय फिल्मों की भी बिक्री करेंगे।

### 'केजीएफ' के फैंस के लिए कोई मैसेज है?

प्रोडक्ट को देखते हुए, जैसे विश्वास है कि फिल्म इंडियन सिनेमा में एक बेंचमार्क बनाने जा रही है और सभी प्रशंसकों की उम्मीदें पूरी होंगी और प्रोडक्ट/आउटपुट इतना अच्छा निकला है, यह निश्चित रूप से भारतीय नागरिकों के बीच में एक बेंचमार्क बनाएगा। तो यह ग्लोबल लेवल पर है। हम उम्मीद करते हैं कि यह कन्नड़ सिनेमा का एक बेंचमार्क होगा। मैं यही कहना चाहूंगा।

विल स्मिथ के थप्पड़ पर सलमान बोले

# एक होस्ट को सेंसिटिव होना चाहिए, कहा- मजाक हमेशा लिमिट में होना चाहिए



सलमान खान ने हाल ही में एक इवेंट के दौरान कहा कि एक शो होस्ट को अपने ऑडियंस के लिए सेंसिटिव होना चाहिए। एक्टर से पूछा गया कि क्या होस्ट को जोक्स के मामले में केयरफुल रहना चाहिए। वरुण धवन और मनीष पॉल समेत सभी गेस्ट्स ने भी उनके विचारों को सपोर्ट किया। ऑस्कर में विल स्मिथ द्वारा कॉमेडियन क्रिस रॉक को थप्पड़ मारने के कुछ घंटे बाद ही उन्होंने अपने व्यूज शेयर किए।

### होस्ट को सेंसिटिव होना चाहिए

सलमान से जब बात करते हुए पूछा गया कि क्या होस्ट को जोक्स को लेकर थोड़ा ध्यान रखना चाहिए तो सलमान ने कहा, एक होस्ट के रूप में, आपको सेंसिटिव होना होगा। मजाक हमेशा लिमिट में होना चाहिए, लिमिट के बाहर नहीं।

### मनीष पॉल का रिएक्शन

मनीष पॉल जोकि अक्सर ही रियलिटी शो होस्ट करते रहते हैं, उन्होंने कहा कि वह सीमा में रहने की कोशिश करते हैं, लेकिन कभी-कभी चीजें सेंसिटिव हो जाती हैं। उन्होंने कहा, पहले ह्यूमर खुल के होता था और अब चीजें संवेदनशील हो गई हैं। जब भी मैं स्टेज पर रहा हूं, मैंने किसी को नाराज नहीं किया है। यह सब आपके सेंस ऑफ ह्यूमर पर डिपेंड करता है। लेखकों ने स्क्रिप्ट में क्या लिखा है, ये चैक करना एक आर्टिस्ट की ड्यूटी है। बता दें, मनीष ने सलमान खान का शो 'दबंग टूर' भी होस्ट किया था।

### 22वें IIFA एडिशन को होस्ट करेंगे सलमान

सलमान खान, रितेश देशमुख के साथ, 20 और 21 मई को अबू धाबी के यास आइलैंड में होने वाले IIFA वीकेंड और अवार्ड्स के 22वें एडिशन को होस्ट करेंगे।

### ऑस्कर में विल ने मारा होस्ट को थप्पड़

ऑस्कर सेरेमनी में क्रिस रॉक को थप्पड़ मारने वाले विल स्मिथ दिन की सबसे बड़ी हेडलाइन बन गए, जबकि विल ने सेरेमनी में बेस्ट एक्टर के लिए अपना पहला एकेडमी अवॉर्ड जीता था। विल ने उनकी पत्नि जैडा पिंकेट स्मिथ का मजाक उड़ाने के लिए क्रिस रॉक को स्टेज पर जाकर थप्पड़ मारा। बाद में, विल ने एकेडमी और क्रिस दोनों से अपने व्यवहार के लिए माफी मांगी।

# द कश्मीर फाइल्सः फिल्म पर डायरेक्टर कबीर खान ने किया रिएक्ट, बोले- राष्ट्रवाद और देशप्रेम दोनों अलग हैं



विवेक अग्निहोत्री की फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' को लेकर हाल ही में कबीर खान ने कहा है कि डायरेक्टर्स किसी स्ट्रेटेजी के साथ फिल्म नहीं बनाते हैं। उन्होंने कहा कि जब कोई स्टोरी उन्हें एक्साइट करती है तो उस पर फिल्म बनाते हैं। साथ ही उन्होंने कहा राष्ट्रवाद और देशप्रेम दो अलग चीजें हैं।

कबीर ने इंटरव्यू में बातचीत के दौरान कहा, राष्ट्रवाद के लिए कई बार आपको विरोधी पक्ष या विलन की जरूरत होती है। हालांकि आपको देशप्रेम के लिए ऐसी कोई जरूरत नहीं होती है। देशप्रेम आपका देश के लिए असली प्यार होता है और आपको इसके लिए किसी विरोधी पक्ष की जरूरत नहीं होती है।

कबीर ने 'द कश्मीर फाइल्स' पर बात करते हुए कहा, मैं फिल्म बनाता हूं और कहानी दिखाता हूं। किसी को पसंद आती है किसी को नहीं। मुझे नहीं लगता है कि कोई फिल्ममेकर कुछ साबित करना चाहता है। हम कहानी बताने के लिए है। हम किसी एजेंडे के साथ फिल्म नहीं बनाते हैं, बल्कि जब हमें कोई स्टोरी एक्साइट करती है तो हम उस पर फिल्म बनाते हैं।

### फिल्म ने की 228 करोड़ से ज्यादा की कमाई

फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' 11 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म में अनुपम खेर के अलावा मिथुन चक्रवर्ती, दर्शन कुमार और पल्लवी जोशी जैसे एक्टर्स ने रोल प्ले किया है। 15 करोड़ के बजट की फिल्म अब तक 228 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है।

# आरआरआर: कटरीना कैफ की बहन ईसाबेल कैफ ने रिजेक्ट किया था फिल्म में जुनियर एनटीआर की लव इंटरेस्ट का रोल

एस एस राजामौली की फिल्म 'आरआरआर' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। फिल्म का एक रोल कटरीना कैफ की बहन ईसाबेल कैफ को ऑफर किया गया था, लेकिन उन्होंने इसे करने से इंकार कर दिया था। फिल्म में जुनियर एनटीआर और राम चरण के अलावा अजय देवगन, आलिया भट्ट और ओलिविया भी लीड रोल में हैं।



### ईसाबेल ने मांगी थी फिल्म की स्क्रिप्ट

ईसाबेल कैफ को जुनियर एनटीआर के लव इंटरेस्ट का विदेशी रोल ऑफर हुआ था, लेकिन ईसाबेल ने इसे करने से मना कर दिया। यह रोल फिल्म में ओलिविया ने निभाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईसाबेल ने फिल्म को इसलिए रिजेक्ट कर दिया था, क्योंकि उन्होंने फिल्म की स्क्रिप्ट और सारी डिटेल्स मांगी थी।

बता दें, ईसाबेल ने अपना बॉलीवुड डेब्यू 2021 में आई फिल्म 'टाइम टू डांस' से किया था। फिल्म में सूरज पंचोली भी लीड रोल में थे। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं कर पाई थी।

### राजामौली के साथ हर एक्टर काम करना चाहता है

इसी बीच, जुनियर एनटीआर ने एस एस राजामौली के साथ अपनी साझेदारी पर बात की, उन्होंने कहा, उनके साथ जुड़ना बहुत अच्छा रहा है। मैं उनकी फिल्म का हिस्सा बनने के लिए बहुत भाग्यशाली रहा हूं। एक एक्टर के रूप में, मैं कहूंगा कि वह ऐसे डायरेक्टर हैं जिनके साथ हर अभिनेता काम करना चाहता है।


### 'आरआरआर' ने तोड़े सारे रिकॉर्ड्स

'आरआरआर' ने बॉक्स ऑफिस पर कमाई के सारे रिकॉर्ड्स तोड़ दिए हैं। फिल्म ने फर्स्ट वीकेंड यानी तीन दिन में ही 500 करोड़ रुपए से ज्यादा का वर्ल्ड वाइड बिजनेस करके इतिहास रच दिया है। 550 करोड़ से ज्यादा के बजट में बनी 'आरआरआर' तीन दिन में दुनियाभर में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली पहली इंडियन फिल्म बन गई है।

# लॉकअप के कम व्यूज की झूठी खबरें वायरल होने पर भड़कीं कंगना, बोलीं- कितनी जलती है इनकी

कंगना रणौत का शो लॉक अप इन दिनों खूब चर्चा में बना हुआ है। इस शो में हर दिन कुछ ऐसा होता है जिसकी वजह से इसे अत्याचारी जेल नाम दिया गया है। पिछले हफ्ते प्रसारित हुए एपिसोड में कंगना साइशा शिंदे पर इस तरह भड़क गई कि उन्हें बाहर का रास्ता ही दिखा दिया। शनिवार और रविवार को जजमेंट डे होता है इस दिन कंगना शो में नजर आती हैं, और कैदियों से बातचीत करती हैं।

ये बात तो हम सभी जानते ही हैं कि कंगना मोस्ट पॉपुलर सेलिब्रिटी में से एक हैं, वे जो बोलती हैं वो चर्चा का विषय बन जाता है। ये शो जब से प्रसारित हुआ है तब से ही सबसे ज्यादा देखे जाने वाला रियलिटी शो बन चुका है। अपने प्रसारण के 19 दिन बाद ही लॉकअप ने 100 मिलियन व्यूज हासिल कर लिए थे। जो



कि अपने आप में रिकॉर्ड है। लेकिन कुछ लोगों को कंगना के शो की ये पॉपुलैरिटी रास नहीं आ रही है।

कंगना ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, 'पिछले हफ्ते लॉकअप को तीस मिलियन से ज्यादा व्यूज मिले लेकिन माफिया मीडिया इसे 4.5 मिलियन दिखा रहा है, जोकि सिर्फ एक लाइव शो के दौरान के व्यूज हैं। मैंने इसे पोस्ट भी किया था। कितना दर्द हो रहा है इन्हें कि फेक नंबर्स फैला रहे हैं। कितनी जल रही है देख के अच्छा लगा।' महज एक महीने में ही लॉकअप बेहद पॉपुलर शो बन गया है। कंगना जब शनिवार और रविवार लॉकअप में आती हैं तो इसमें चार चांद लग जाते है। कैदियों को फटकारने का कंगना का अंदाज़ इस शो को और दिलचस्प बनाता है। पिछले दिनों हमने देखा कि कैसे मंदना करीमी ने अली मर्चेंट पर बाथरूम में गंदा काम करने का आरोप लगाया था, इसके बाद कंगना ने अली का साथ देते हुए इस मामले को बखूबी हैंडल किया।

बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रणौत द्वारा होस्ट किए जा रहे इस रियलिटी शो को एम एक्स प्लेयर और ऑल्ट बालाजी पर बिल्कुल फ्री देखा जा सकता है। 24 घंटे स्ट्रीम होने वाले इस शो में दर्शकों को लगातार कंटेस्टेंट्स के बीच झगड़े, बहस, तकरार और कई चौंकाने वाले खुलासे देखने को मिल रहे हैं। शो में इस समय मुनव्वर फारुकी, निशा रावल, पायल रोहतगी, अंजलि अरोड़ा, अली मर्चेंट जैसे कई कंटेस्टेंट्स नजर आ रहे हैं।















## खास खबर

### भगवान की कृपा से ही जीव उनको जान सकता है - गोपिकेश्वरी देवी

**भिलाई।** तृतीय दिन प्रवचन को आगे बढ़ाते हुए देवी जी ने बताया कि भगवान् को जानकर ही प्रत्येक जीव सुखी हो सकता है जैसे जानना-मानना-प्यार ये क्रम होता है संसार में भी, ऐसे ही भगवान् को आज जीव जान ले तो तुरंत मान लेगा और तुरंत प्यार हो जायेगा और तुरंत भगवान मिल जायेंगे और तुरंत जीव का कल्याण हो जायेगा और अनंतकाल के लिए सुखी हो जायेगा । बस, जानना है। लेकिन कैसे? क्योंकि शास्त्र वेद तो कहते हैं कि भगवान् को कोई नहीं जान सकता वो सर्वथा हमारी माइक इन्द्रिय-मन-बुद्धि से परे हैं । तो फिर भगवान् को कैसे जाने? इसके समाधान में देवी ने बताया कि भगवान को जानने का एकमात्र उपाय है भगवत् कृपा । बस, भगवान् की कृपा से ही जीव उनको जान सकता है, प्राप्त कर सकता और अपना कल्याण कर सकता है । लेकिन उपर्युक्त कथन का अर्थ यह नहीं की हम भगवान की कृपा के भरोसे बैठे रहें या जब समय आएगा तब जान लेंगे, इस भरोसे बैठे रहें , ये गलत है । ऐसा नहीं देवी ने बताया कि भगवान की कृपा तो हम सब पर है । उन्होंने हमें शक्ति दे दी है कर्म करने की , अब हमारा काम है उनकी दी हुई शक्ति का सही इस्तेमाल करना ।

### लोधेश्वरधाम में लिया गया पानी बचाने का संकल्प

**रायपुर।** लोधी क्षत्रिय समाज चंगोराभाठा ईकाई रायपुर छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में होली मिलन समारोह लोधेशवरधाम, टोल प्लाजा के पास, कुम्हारी में संपन्न हुआ। पानी बचाने का संकल्प लेकर चुटकी भर गुलाल लगाकर फूलों की होली खेली गई। इस दौरान सेवानिवृत्त पर्यटन मंडल के वरिष्ठ अधिकारी एवं लोधी क्षत्रिय समाज चंगोराभाठा ईकाई रायपुर के संरक्षक डी. एल. जंघेला का अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के अलावा महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के भी पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत लोधेश्वर भगवान, अमर शहीद वीरगाना अंवती बाई लोधी एवं स्वामी ब्रह्मानंद लोधी की छायाचित्र पर फूलमाला, बतासा माला एवं दीप प्रज्वलित,अबीर-गुलाल से पूजा अर्चना की गई । इस दौरान समाज के लोगों ने फूलों की होली खेल कर आपसी भाईचारे का संदेश दिया । लोधी समाज के अध्यक्ष लोधी सुरेश सुलाखे ने कहा कि शिक्षा का दायरा बढने से सामाजिक बुराइयाँ समाप्त होगी और समाज आगे बढ़ेगा समाज के लोग जब एक जगह एकत्रित होकर उत्सव मानते हैं, तो एक दूसरे को जानने का भी मौका मिलता है। इस अवसर पर लोधेशवरधाम के संयोजक उत्तम वर्मा ने कहा कि समाज में समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम होने से समाज मे भेदभाव समाप्त होता है।

# पर्यटन मंत्रालय योजनाओं के जरिये पर्यटन को प्रोत्साहन देता है : जी. किशन रेड्डी

श्रीकंचनपथ न्यूज

नई दिल्ली (पीआईबी)। पर्यटन मंत्रालय अपनी विभिन्न योजनाओं के जरिये सीमावर्ती क्षेत्रों सहित देश में पर्यटन को प्रोत्साहन देता है। यह स्वदेश दर्शन और राष्ट्रीय तीर्थयात्रा कायाकल्प तथा आध्यात्मिक मिशन, विरासत संवर्धन अभियान (पीआरएएसएचएडी) की प्रमुख योजनाओं के तहत सीमावर्ती राज्यों सहित देश में पर्यटन के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेश प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।




वित्तीय सहायता विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत करने, धन की उपलब्धता और योजना के दिशा-निर्देशों के पालन के आधार पर दी जाती है। इसके अलावा, मंत्रालय नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सहयोग से आरसीएस उड़ान-3 के तहत चिन्हित पर्यटन मार्गों के विकास के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है।

इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय ने राज्य पर्यटन विभागों और अन्य हितधारकों के साथ निकट समन्वय में सीमावर्ती जिलों, पर्यटन विकास, संस्थागत पर्यावरण और सुरक्षा बाधाओं की चुनौतियों का समाधान करने के लिए पहल की है। वहीं, मंत्रालय सीमावर्ती राज्यों सहित 'देशीय प्रोत्साहन और प्रचार सहित आतिथ्य' (डीपीपीएच) तथा 'विदेशी प्रोत्साहन और प्रचार सहित बाजार विकास सहायता (ओपीएमडी)' की अपनी योजनाओं के तहत विभिन्न पहलों के माध्यम से समग्र रूप से भारत का संवर्धन करता है। अपनी चालू गतिविधियों के तहत मंत्रालय देश में विदेशी पर्यटकों के आगमन को बढ़ाने के उद्देश्य से भारत के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए 'अतुल्य भारत' ब्रांड-लाइन के तहत अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, ऑनलाइन और आउटडोर मीडिया अभियान नियमित रूप से चला रहा है। पर्यटन मंत्रालय नियमित रूप से अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया प्रचार के माध्यम से विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों को बढ़ावा देता है। भारत की पर्यटन क्षमता को प्रदर्शित करने और देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के मकसद से विदेशों में भारत पर्यटन कार्यालयों के माध्यम से महत्वपूर्ण और संभावित पर्यटक उत्पादक बाजारों में श्रृंखलाबद्ध तरीके से प्रचार गतिविधियों चलाई जा रही हैं। इन प्रचार गतिविधियों में यात्रा मेले और प्रदर्शनियां, रोड शो, भारत को जानो' संगोष्ठियों और कार्यशालाओं का आयोजन, भारतीय खाद्य उत्सवों का आयोजन और प्रोत्साहन, मंत्रालय के आतिथ्य कार्यक्रम के तहत विज्ञापन-पत्र का प्रकाशन, संयुक्त विज्ञापन और विज्ञापन-पत्र के प्रोत्साहन की पेशकश तथा मीडिया की हस्तियों, टूर ऑपरेटरों और अभिमत निर्माताओं को देश का दौरा करने के लिए आमंत्रित करना, शामिल है। सीमावर्ती राज्यों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन मंत्रालय की कुछ प्रमुख पहलें और प्रयासों का उल्लेख नीचे किए गए हैं। पंजाब के अटारी स्थित संयुक्त चेक पोस्ट पर पर्यटन संबंधी बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सीमा सुरक्षा बल को 1312 लाख रुपये की राशि मंजूर की गई। असम (नेमाती, पांडु, जोगीघोपा और विश्वनाथ घाट) सहित राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या-1 और 2 पर नदी क्रूज के 9 मुख्य स्थलों पर जेटी निर्माण के लिए भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण को 2803.05 लाख रुपये की राशि मंजूर की गई।

### चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण

# अनुभव, विश्वास, साथ के गौरवशाली कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन

## हमने जो कहा, कर दिखाया : अजय भसीन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महामंत्री अजय भसीन ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के कुशल नेतृत्व में 1 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन चेम्बर कार्यालय, चै.देवीलाल व्यापार उद्योग भवन बाम्बे मार्केट, रायपुर में किया गया। इस आयोजन में प्रदेश कार्यकारिणी में सम्माननीय संरक्षक, माननीय सलाहकार व माननीय चैयरमैन सभी वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया।



अजय भसीन ने बताया कि भिलाई से वरिष्ठ सलाहकार भीमसेन सतपाल, गोपाल टावरी व शिरीष अग्रवाल का शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। भसीन ने कहा कि इन वरिष्ठ सलाहकारो के मार्गदर्शन में हमने चेम्बर का चुनाव जीता था, इनके ही मार्गदर्शन में एक वर्ष में अनेक कार्य भी हुए भविष्य में भी आपके मार्गदर्शन में ही कार्य होंगे। एक साल बेमिसाल के बारे में अजय भसीन जी ने इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि कोरोना की तीसरी लहर में लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ युद्धस्तर पर वैक्सीनेशन एवं मास्क वितरण का अभियान चलाया गया जिसमें व्यापारियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया तथा तीसरे लाकडाउन को टालने में चेम्बर सफ्ल रहा। लॉकडाउन की अवधि में ऑनलाइन होम डिलीवरी पर प्रतिबंध लगना भी शामिल है। चेंबर भवन के लिए मुख्यमंत्री जी द्वारा रियायती दर पर भूमि देने की घोषणा की गई, मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क में छूट दी गई, कपड़े पर बढ़े जीएसटी दर का केंद्र सरकार द्वारा वापस लिया गया। वर्तमान में छत्तीसगढ़ चेम्बर द्वारा एशिया के सबसे बड़े होलसेल कोरिडोर के स्थापना हेतु तत्पर, जिसमें 7100 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं जिसमें 680 एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी।

जीएसटी को लेकर वाणिज्यिक कर मंत्री एवं केन्द्रीय वित्तमंत्री से मिलकर समस्याओं का निराकरण करवाया। विगत 1 वर्ष में 4000 से अधिक नए आजीवन सदस्यों का जुड़ना हो या शासन प्रशासन को व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराकर उसका समाधान कराना, समस्त कार्यों को गति देने हेतु युवा चेम्बर का गठन, ये समस्त उपलब्धियां इस वर्ष की सफ्ल उप्लब्धधिया है। व्यापारिक एवं सामाजिक हित में 1 वर्ष में किये गये कार्यों की सफ्लता का श्रेय चेम्बर पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों तथा समस्त व्यापारियों एवं उद्योगपतियों को देते हुए सबके प्रति आभार व्यक्त किया।

श्री भसीन ने कहा कि अनुभव, विश्वास, साथ के गौरवशाली एक वर्ष के इतिहास में चेंबर के अधिकारी, कार्यकर्ता एवं समस्त व्यापारीगणों के निरंतर प्रयास से नित नए आयाम गढ़े जा रहे हैं और आगे भी इसे हम कायम रखेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित संरक्षक एवं सलाहकार मंडल ने अपने आशीर्वचन में चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी एवं उनकी टीम की सराहना की। इस अवसर पर चेम्बर पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, व्यापारिक एवं औद्योगिक संघों/एसोसियेशनों के पदाधिकारियों सहित अनेक व्यापारी एवं उद्योगपति बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# आईआईटी खड़गपुर में पेटास्केल सुपर-कम्प्यूटर परम शक्ति का उद्घाटन

श्रीकंचनपथ न्यूज

नई दिल्ली (पीआईबी) । नेशनल सुपर-कंप्यूटिंग मिशन के तहत आईआईटी खड़गपुर में पेटास्केल सुपर-कंप्यूटर परम शक्ति को राष्ट्र को समर्पित किया गया। यह इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) की संयुक्त पहल है। इस राष्ट्रीय सुपर-कंप्यूटिंग सुविधा केंद्र का लोकार्पण 27 मार्च, 2022 को पश्चिम बंगाल के माननीय राज्यपाल जगदीप धनकड़ ने किया था।




इस अवसर पर आईआईटी खड़गपुर के निदेशक प्रो. वीके तिवारी, सी-डैक के महानिदेशक कर्नल (से.नि.) एके नाथ, आईआईटी खड़गपुर के उप निदेशक प्रो. अमित पात्रा, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के एनएसएम-एचपीसी डिविजन के ग्रुप को-ऑर्डिनेटर अरविन्द कुमार, एस ए कुमार, एडवाइसर, एनएसएम, एमईआईटीवाई तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के एनएसएम-एचपीसी डिविजन, डीएसटी, आआईटी खड़गपुर और सी-डैक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कंप्यूटेशनल और डाटा विज्ञान के बहुविध क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों में तेज़ी लाने के लिये परम शक्ति सुपर कंप्यूटर सुविधा उपलब्ध है। यह आईआईटी खड़गपुर तथा पड़ोसी अकादमिक अनुसंधान और विकास संस्थानों को बड़े पैमाने पर कंप्यूटिंग दक्ष बना रही है।

उल्लेखनीय है कि 44 जीपीयू सहित 17680 सीपीयू कोर वाली उत्कृष्ट सुपर-कंप्यूटिंग सुविधा केंद्र स्थापित करने के लिये समझौता-ज्ञापन पर आईआईटी खड़गपुर तथा प्रगत संगणन विकास केंद्र (सी-डैक) के बीच मार्च 2019 को हस्ताक्षर किये गये थे।

इस सुविधा केंद्र में आरडीएचएक्स आधारित दक्ष शीतन प्रणाली का इस्तेमाल होता है, ताकि उच्च उपादेयता क्षमता हासिल हो सके। इस प्रणाली को आईआईटी खड़गपुर और सी-डैक में वाणिज्यिक, मुक्त-स्रोत और घरेलू सॉफ्टवेयर के लिये जांचा गया है। यह जांच विविधतापूर्ण एप्लीकेशनों से जुड़ी है। आईआईटी खड़गपुर सपुर-कंप्यूटिंग प्लेटफार्मों के लिये कारगर सॉफ्टवेयर तथा बड़े पैमाने पर औद्योगिक तथा वैज्ञानिक समस्याओं के लिये एप्लीकेशनों के सम्बंध में एनएसएम के अधिकारों का पालन करता है। आईआईटी खड़गपुर एचपीसी तथा एआई के लिये एनएसएम एक नोडल केंद्र है, जो देशभर में सुपर-कंप्यूटिंग अनुसंधान के लिये आवश्यक श्रमशक्ति के विकास का काम कर रहा है। यह केंद्र पाठ्यक्रमों, कार्यशालाओं, बूटकैंपों, आदि का आयोजन करता रहा है, जो विभिन्न क्षेत्रों से सम्बंधित हैं।

# छत्तीसगढ़ दिगंबर जैन समाज ने किया निशांत जैन का सम्मान

### भगवान श्री आदिनाथ जयंती समारोह के दौरान हुआ सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** बधाई हो इंडिया कंपनी के डायरेक्टर निशांत जैन का उत्कृष्ट सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों लिए व अपने इवेंट की कलाकारियों से जैन समाज में होने वाले आयोजनों को ऐतिहासिकता प्रदान करने पर छत्तीसगढ़ दिगम्बर समाज ने सम्मान किया है। उक्त सम्मान शनिवार को भाटापारा में आयोजित भगवान श्री आदिनाथ जयंति समारोह के दौरान उन्हें प्रदान की गई।



जिसमे मुख्य अतिथि सुरेन्द्र शर्मा (अध्यक्ष कृषि कल्याण विभाग केबिनेट मंत्री) व सुनील माहेश्वरी (सदस्य प्रदेश कांग्रेस) ने निशांत को सम्मानित किया।

ज्ञात हो की भाटापारा मे भगवान श्री आदिनाथ जयंती बड़े ही धूम धाम से मनाया गया. इस आयोजन मे प्रदेश भर से जैन समाज के लोगो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया. जिसमे प्रमुख रूप से नवापारा, रायपुर, बलौदा बाजार, तिल्दा, धमतरी, दुर्ग, भिलाई, नेहरू नगर, वैशाली नगर, जगदलपुर, रायगढ़, बिलासपुर आदि जगह से समाजिकजन उपस्थित थे. सुबह भगवान आदिनाथ की रथ यात्रा निकाली गई, उसके बाद बाहर से पधारे सभी अतिथियों के भोजन की व्यवस्था की गई।

उक्त आयोजन का समापन प्रदेश भर से आए समाज के प्रतिभावान लोगों का सम्मान के साथ किया गया. इस कार्यक्रम का आयोजन प्रकाश मोदी एवं उनके परिवार ने किया था।

# राजनैतिक, शासकीय कार्यक्रमों में महिलाओं का बढ़ रहा है प्रतिनिधित्व - डॉ. चरणदास महंत

श्रीकंचनपथ न्यूज

जांजगीर चांपा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने कहा कि सरकार महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर दे रही है सामाजिक राजनीतिक और सार्वजनिक कार्यक्रम में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ रहा है कार्यक्रम में पुरूषों की तुलना में महिलाओं की अधिक संख्या इस बात का प्रतीक है कि पहले की तुलना में महिलाएं अधिक जागरुक हो रहीं हैं।



वे आज जिले के विकासखंड बम्हनीडीह की ग्राम पंचायत सोनिया पाठ में 4 करोड 40 लाख रुपये की लागत से सोन नदी पर बनने वाले एनीकट निर्माण के भूमिपूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। डॉ महंत ने सोनियापाठ के ग्रामीणों की मांग पर सोनिया पाठ मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा और रामायण आदि के आयोजन के लिए भवन निर्माण हेतु 6 लाख रुपये की घोषणा की। उन्होंने सोनियापाठ में सी सी रोड निर्माण और सारा गांव से सोनिया पाठ पहुंच मार्ग के सुधार कार्य कराने का आश्वासन दिया । डॉ महंत ने सोनियापाठ नदी पर एनीकट निर्माण का महत्व बताते हुए कहा कि इस एनीकट के बन जाने से सोनियापाठ मंदिर आने-जाने में क्षेत्र के लोगों को बारह महीने सुविधा होगी और मंदिर का महत्व बढ़ेगा। कार्यक्रम को सोनियापाठ की सरपंच श्रीमती रुकमणी साहू ने भी संबोधित किया। सिंचाई विभाग के कार्यपालन अभियंता,मिनीमाता बांगो नहर संभाग हितेंद्र राठौर ने प्रतिवेदन पढ़कर सुनाया। उन्होंने बताया कि सोन नदी पर बनने वाले एनीकेट की लागत 4.40 करोड़ रुपए है। इसकी लंबाई,100 मीटर होगी, एनीकेट में 15 पिलर पर बनाए जाएंगे।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता चंद्रा, जनपद अध्यक्ष आशा साहू, नगर पालिका जांजगीर नैला के अध्यक्ष भगवान दास गढ़ेवाल, नगर पंचायत सारा गांव के अध्यक्ष रामकिशन सूर्यवंशी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती जयाकांता राठौर, पूर्व विधायक सरोजा राठौर, जनपद सदस्य बमलेश्वर भैना, सर्व दिनेश शर्मा, नगर पालिका चांपा के पूर्व अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, मनहरन राठौर, गुलजार सिंह, पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।






























## खास-खबर




### उधारी की रकम नहीं देने पर किसान के ऊपर पटक दी साइकिल

**बिलासपुर (ए)।** उधारी के एक हजार रुपये नहीं देने पर युवक ने किसान के उपर साइकिल पटक दी। इससे उनके चेहरे और पीठ में चोटे आई है। आहत ने घटना की शिकायत सकरी थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। सकरी क्षेत्र के लाखासार में रहने वाले रामकुमार कैवर्त किसान हैं। बीते दिनों उन्होंने गांव के रामकृष्ण निर्मलकर से घरेलु काम के लिए एक हजार रुपये उधार लिए थे। इसे वे वापस नहीं कर पाए थे। रविवार की शाम वे सब्जी लेने के लिए गांव के बाजार गए थे। बाजार में ही रामकृष्ण मिल गया। उसने अपने रुपये वापस मांगे। इस पर किसान ने बताया कि वे सब्जी लेने के लिए पांच सौ रुपये लेकर आए हैं। इसके बाद उन्होंने अपने बेटे अनीष को रुपये लेने घर भेज दिया। बेटे के लौटने पर देर होने पर रामकृष्ण उनसे विवाद करने लगा। इसका विरोध करने पर उसने अपने साथी प्रकाश की साइकिल को उठाकर किसान के ऊपर पटक दिया। इससे उनके चेहरे, पीठ में चोटें आई हैं। मारपीट के बीच आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया। आहत ने इसकी शिकायत सकरी थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### सड़क पर 40 घंटे से पलटे टैंकर से टकराई बाइक, जीजा-साले की मौत

**जांजगीर (ए)।** जांजगीर में लापरवाही के चलते रविवार देर रात बाइक सवार जीजा-साले की मौत हो गई। हादसा बाइक के सड़क पर पलटे टैंकर से टकराने के चलते हुआ। टैंकर करीब 40 घंटे से भी ज्यादा समय से सड़क पर पलटा हुआ है, लेकिन उसे हटाया नहीं गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने सोमवार को सड़क पर जाम लगा दिया। करीब 5 घंटे से जाम के चलते सड़क पर वाहनों की कतार लग गई है। मूलमुला क्षेत्र के नरियारा गांव निवासी जोमस निर्मलकर और पचपेड़ी क्षेत्र के ओखर गांव के जितेंद्र रजक दोनों जीजा-साले थे। दोनों सगाई कार्यक्रम में अकलतरा से रविवार देर रात लौट रहे थे। तभी बनाहिल और नरियारा के बीच पिछले सड़क पर पलटे टैंकर से उनकी टक्कर हो गई। हादसे के बाद बाइक सड़क पर फिसलती चली गई और दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पामगढ़ स्वास्थ्य केंद्र में सुबह दोनों के शवों का पोस्टमार्टम होता, इससे पहले हादसे की सूचना आसपास में फैल गई। इसके बाद ग्रामीणों के साथ परिजन बनाहील चौक पर एकत्र हो गए और चक्का जाम कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया, पर वह मानने को तैयार नहीं हुए। इस पर एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव भी मौके पर प्रशासनिक टीम के साथ पहुंच गए, लेकिन लोग हटने को तैयार नहीं हो रहे हैं। ग्रामीणों की मांग है कि मृतकों के परिवार से एक-एक सदस्य को प्लांट में नौकरी और 20-20 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए। फिलहाल ग्रामीण बिना मांग पूरी हुए हटने को तैयार नहीं हैं। करीब 5 घंटे से वहां जाम लगा हुआ है। इसके चलते वाहनों खासकर टैंकरों की लाइन लग गई है। एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव ने बताया कि प्रदर्शनकारियों को समझाइश देने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही चक्का जाम समाप्त करा लिया जाएगा।

### बुजुर्ग कपल की हत्या, दामाद हिरासत में

# पड़ोसियों को आ रही थी बदबू, घर का दरवाजा तोड़ा तो अंदर मिलीं खून से लथपथ लाशें

**जांजगीर (ए)।** जांजगीर जिले में पति-पत्नी की धारदार हथियार से वारकर हत्या कर दी गई है। इस मामले का पता तब चला है जब पड़ोसियों को सुबह बदबू आनी शुरू हुई। इसके बाद लोगों ने इनके घर का दरवाजा तोड़ा तो अंदर खून से लथपथ दोनों की लाशें मिली हैं। इसके बाद पुलिस को इस बात की जानकारी दी गई है। मामला हसौद थाना क्षेत्र का है।

कैथा गांव में विजय राम और मंगली बाई रहते थे। दोनों की 4 बेटियां और एक बेटा है। बेटियों की शादी हो चुकी है। जबकि बेटा कमाने खाने के चक्कर में बाहर रहता है। बताया जा रहा है कि पिछले एक दो दिनों से दोनों का कुछ पता नहीं था। वहीं पड़ोसियों ने भी इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया था।

#### बाहर से बंद था दरवाजा

आसपास के लोगों ने बताया कि सोमवार सुबह ही इस बात की जानकारी लगी है। जब उनके पड़ोसियों को काफी बदबू आने लगी। बदबू आने पर लोगों ने आसपास भी देखा। मगर कुछ पता नहीं चला। इसके बाद जब विजय राम और मंगली बाई के घर के पास गए तो बदबू और तेज हो गई। इस पर उन्होंने घर के पास जाकर देखा तो दरवाजा बाहर से बंद था। फिर उन्होंने घर का दरवाजा तोड़ दिया। अंदर जाकर देखा तो दोनों की लाश खून से लथपथ मिलीं। लाशों से ही बदबू आ रही थी। आसपास रखा सामान बिखरा पड़ा हुआ था, जिसके बाद पुलिस को इस बात की जानकारी दी गई थी।



#### 2 से 3 दिन पुरानी हो सकती लाश

खबर लगते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने देखा को दोनों की लाशें कुछ हद तक सड़ गई हैं। वहीं जिस तरह से शरीर से खून बहा है। उससे शंका है कि दोनों की धारदार हथियार से वारकर हत्या की गई है। पुलिस को शक है कि शव 2 से 3 दिन पुराने हो सकते हैं। दोनों के शरीर में धान चिपका हुआ था। फ्लिहाल पुलिस ने दोनों के शवों को पीएम के लिए भेजा है। वहीं उनके बेटे को भी जानकारी दी गई थी, जिसके बाद उनका बेटा और कुछ परिजन गांव पहुंच गए हैं।

पुलिस ने अभी इस मामले में पड़ताल शुरू की है, जिसमें् पुलिस को पता चला है वारदात को किसी पहचान वाले ने ही अंजाम दिया है। जांच में पुलिस को पता चला है कि इनका चौथे नंबर का दामाद आए दिन जमीन को लेकर झगड़ा किया करता था। इस वजह से पुलिस ने उसे हिरासत में लिया है। पुलिस अभी उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस को शक है कि वारदात को दामाद ने ही अंजाम दिया है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक डॉ.अभिषेक पल्लव का कहना है कि मामले में प्राथमिक जांच के आधार पर दोनों के दामाद पर शंका है। मौके पर फॉरेंसिक टीम भेजी गई है। जांच जारी है। जल्द ही मामले में खुलासा हो जाएगा।

### कोल्डड्रिंक में नशा मिलाकर रेप, फिर ब्लैकमेलिंग

## महिला की न्यूड फोटो वायरल करने की धमकी, सुसाइड करने गई पीड़िता को पुलिस ने बचाया, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़ (ए)।** रायगढ़ जिले में शादीशुदा महिला से कोल्डड्रिंक में नशा मिलाकर रेप करने का मामला सामने आया है। रेप करने के दौरान ही आरोपी ने उसकी अश्लील तस्वीरें भी ले ली थी। इसी के सहारे वह महिला को ब्लैकमेल कर रहा था। इसके बाद फिर से युवक ने महिला से रेप किया था। इसी बात से तंग आकर महिला ने सुसाइड का प्रयास भी किया था। मगर समय रहते उसे पुलिस ने बचा लिया। इस मामले में पुलिस ने अब आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। इस केस में महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी। अपनी शिकायत में महिला ने बताया कि सितंबर 2021 में ट्रेन में उसकी मुलाकात कोरबा के राजू राजपूत(32) से हुई थी। उसने बताया कि मुलाकात के वक्त राजू उसे अच्छे घर का लगा। इसलिए उसने राजू को नंबर दे दिया था। नंबर देने के बाद दोनों बातचीत किया करते थे। दोनों की दोस्ती हो गई थी।

#### मिलने के बहाने बुलाया

महिला ने बताया कि बातचीत के बाद राजू ने उसे 18 फरवरी 2022 को फोन किया और कहा कि उसे रायगढ़ में कुछ काम है। काम के बाद वह लौट जाएगा। उसी दौरान राजू ने उसे फोन कर मिलने को बुला लिया। जिसके बाद महिला उससे मिलने संजय मैदान गई थी। महिला ने कहा कि मैदान में धूप था। इसलिए राजू ने कहा कि चलो किसी होटल में चलते हैं। वहां बैठकर कोल्डड्रिंक पिएंगे। और फिर तुम वापस लौट जाना। महिला युवक की इसी बात में आ गई। दोनों होटल गए। जहां युवक कोल्डड्रिंक लेने निकल गया था। कुछ देर बाद आया तो उसने महिला को कोल्डड्रिंक दिया और खुद भी पिया। महिला का कहना कि कोल्डड्रिंक पीने के बाद मुझे कुछ होश नहीं था। मुझे जब होश आया तब मेरे शरीर में कपड़े नहीं थे। ये देखकर वह हैरान रह गई। राजू ने कोल्डड्रिंक में कुछ नशीली दवाईयां मिलाईं थीं। इसके बाद वह अपने घर चली आई थी।



#### न्यूड फोटो पति को भेजने की भी दी धमकी

बताया गया कि महिला ने पहले तो शर्म के चलते अपने पति से कोई बात नहीं बताई। मगर कुछ दिन बाद राजू का फिर से फोन आने लगा। वह फोन में कहने लगा कि मेरे पास तुम्हारी अश्लील तस्वीरें हैं। जिसे मैं वायरल कर दूंगा। यदि इससे बचना है तो मुझसे मिलना होगा। इस पर महिला उससे बार-बार मिलने से इनकार करती रही। लेकिन युवक उसे बार-बार डराता धमकाता था। ये भी कहता था कि तेरे पति को भी तेरी अश्लील तस्वीरें भेज दूंगा। इसी बात से परेशान महिला फिर से 24 मार्च को उससे मिलने एक होटल गई थी। जहां युवक ने फिर से उससे रेप किया था।

#### सुसाइड करने गई महिला

पीड़िता ने कहा कि 24 मार्च की घटना के बाद मेरी जीने की इच्छा खत्म हो गई थी। इसलिए मैं घटना के बाद स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 3 में रेलवे ट्रैक में जान देने गई थी। लेकिन वहां मौजूद पुलिसकर्मी ने उसे रोक लिया। जिससे उसकी जान बच गई। इधर, शाम तक नहीं लौटने से उसके पति ने महिला के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वहीं जब पुलिस ने महिला को काफी समझाया तब उसने पूरी बात पति को बताई। फिर 27 मार्च को मामले की शिकायत थाने में की गई थी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को कोरबा से गिरफ्तार किया है। आरोपी राजू राजपूत कोरबा के दर्री इलाके का रहने वाला है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। आरोपी ने अपना गुनाह भी कबूल कर लिया है।

### दुष्कर्म के आरोपी ने फांसी लगाकर दी जान

**जांजगीर (ए)।** जांजगीर-चांपा में दुष्कर्म के आरोपी एक युवक ने सोमवार को फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उसका शव गांव में ही पेड़ से लटका हुआ मिला है। युवक के खिलाफ एक दिन पहले उसके छोटे भाई की विधवा पत्नी ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। वहीं उसी समय एक पिता-पुत्री ने मारपीट की एफआईआर दर्ज कराई थी। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र का है। दरअसल, कचंदा गांव निवासी श्याम सुंदर कश्यप के खिलाफ उसके छोटे भाई की विधवा पत्नी ने रविवार को मामला दर्ज कराया था। इसमें बताया था कि उसके पति की मौत हो चुकी है। श्याम सुंदर रिश्ते में उसका जेठ लगता है। वह दुष्कर्म करता है और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देता है। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और उसकी तलाश कर रही थी।

### पत्नी से झगड़े के बाद पति ने की आत्महत्या

## ऑडियो मैसेज में कहा- मैं जिंदगी से तंग आ गया हूं, इसलिए जान दे रहा



**कोरबा (ए)।** कोरबा में एक युवक ने अपनी पत्नी से झगड़े के बाद आत्महत्या कर ली है। एक दीन पहले ही उसकी पत्नी से उसका झगड़ा हुआ था। जिसके बाद अगले दिन उसकी फांसी के फंदे से लटकी हुई लाश मिली है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। विकासनगर इमलीडुग्गू इलाके में धन्नू गिरी गोस्वामी(29) अपनी पत्नी और ढाई साल के बच्चे के साथ किराए के मकान में रहता था। बताया जा रहा है कि धन्नू का उसकी पत्नी से पिछले दिनों से विवाद हो रहा था। रविवार रात में भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। जिसके बाद दोनों अलग-अलग कमरे में सो गए थे।

जानकारी मिली है कि अगले दिन यानी सोमवार सुबह जब उसकी पत्नी सोकर उठी तो धन्नू का शव फांसी के फंदे लटका हुआ था। इसके बाद उसकी पत्नी ने परिजनों और पुलिस को इस बात की सूचना दी। खबर लगते ही परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची थी।

#### भाई को भेजा ऑडियो मैसेज

इधर, जब इस बात की खबर धन्नू के बड़े भाई मनोज को लगी तो वह भी मौके पर पहुंचा। उसने बताया कि देर रात ही उसे धन्नू का ऑडियो मैसेज मिला है। उसने भी सुबह ही उस ऑडियो मैसेज को देखा है। जिसमें धन्नु ने कहा है कि मैं जिंदगी से तंग आ गया हूं। मुझे अब जीना ही नहीं है। इसलिए मैं अब अपनी जान दे रहा हूं। मेरी मौत के लिए मैं खुद जिम्मेदार हूं। पुलिस फिलहाल सभी परिजनों से पूछताछ कर रही है और मामले में जांच जारी है। वहीं शव का पोस्टमॉर्टम कराके परिजनों को भी सौंप दिया गया था।

## कोरबा पुलिस ने शुरू किया 'तुंहर पुलिस तुंहर द्वार' अभियान

**कोरबा (ए)।** आमतौर पर पीड़ित अपनी शिकायत लेकर पुलिस थाने पहुंचते हैं, लेकिन कोरबा में पुलिस ने खुद घर-घर जाकर लोगों की शिकायतें सुनने का काम शुरू किया है। कोरबा एसपी भोजराम पटेल ने इसके लिए तुंहर पुलिस तुंहर द्वार कार्यक्रम शुरू किया है। इसके तहत पुलिस खुद लोगों के पास जाकर शिकायत सुनेगी।

कार्यक्रम की शुरुआत के पहले दिन रविवार को एसपी भोजराम पटेल स्वयं बगबुड़ा गांव पहुंचे। गांव में पुलिसकर्मियों ने एसपी के साथ घर-घर दरवाजा खट-खटाकर ग्रामीणों की समस्याएं पूछीं। गांव के श्याम लाल ने बताया कि वह अपने घर के बगल में शासकीय मद से स्वीकृत शौचालय का निर्माण करवा रहा है, जिसे पड़ोसी द्वारा जबरन रोका जा रहा है एवं पट्टे की भूमि में बना रहे हो कहकर झुठा आरोप लगाकर परेशान कर रहा है। शिकायत सुनकर एसपी ने स्वयं मौके पर जाकर मुआयना किया। दोनों पक्षों, एवं पंचों से बात कर मामले को आपस में सुलह कराया गया। ग्रामीणों की दूसरी शिकायतों की भी सुनवाई हुई।

#### क्यों पड़ी इसकी जरूरत

एसपी भोजराम पटेल ने बताया, थानों में आम जनता के द्वारा की गई शिकायतों के निराकरण करने में समय लगता है,कई बार जनता पुलिस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं रहती है। ऐसे में पुलिस को ही लोगों के घर भेजा जा रहा है ताकि लोगों का भरोसा बढ़े और उन्हें परेशान न होना पड़े।

आदित्य ड्राई क्लीनर्स
Pick & Drop Service Available (Terms & Condition Applied)
98271-90875
99938-08453
75877-57239
सोफा पर्दा कारपेट सीटकवर लेदर जैकेट टेड्डी बियर शू
सभी प्रकार के कपड़ों का आधुनिक तकनीकी से ड्राईक्लीन किया जाता है।
Shop NO.-105, "A" Market, Sector-6, Bhilai (C.G.)

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

मिस एंड मिसेस लेडिस वेयर
• गाऊन
• ब्रा. पेन्टी
• नाईटी
• ब्लाउज
सभी प्रकार के अंडरगारमेंट्स की विशाल रेंज
शॉप नं-113, सेक्टर-6, ए मार्केट भिलाई

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### मर्चेंट मिल ने 32 एमएम टीएमटी बार का उत्पादन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया

**दुर्ग।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की मर्चेंट मिल, जो लाइट स्ट्रक्चरल और टीएमटी बार बनाती है, ने 25 मार्च 2022 को 32 एमएम टीएमटी बार का उत्पादन कर नया दैनिक कीर्तिमान बनाया तथा 27 मार्च 2022 की रात्री पाली में शिफ्ट रिकॉर्ड भी बनाया। मर्चेंट मिल ने 25 मार्च, 2022 को 2,490 टन के उत्पादन के साथ 32 एमएम टीएमटी बार का एक नया रिकॉर्ड बनाते हुए 23 मार्च, 2022 को दर्ज किए 2,318 टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। इसी क्रम में 27 मार्च 2022 की रात्री पाली में 989 टन उत्पादन के साथ 32 एमएम टीएमटी बार का उत्पादन कर नया पाली रिकॉर्ड भी बनाया। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता और कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार ने 26 मार्च, 2022 को विभाग का दौरा कर मर्चेंट मिल बिरादरी को रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

### ठगड़ाबांध ओवरब्रिज में बनेगा रोड डिवाइडर : वोरा

राजीव गांधी सेतु के टूटे हिस्से की फौरन मरम्मत करने विभागीय अफसरों को दिये सख्त निर्देश

**दुर्ग।** वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने कहा है कि पटरीपार क्षेत्र में भी सड़कों का डामरीकरण किया जाएगा। कुल 9 करोड़ 34 लाख की लागत से राजेंद्र पार्क चौक से जेवरा तक डामरीकरण कार्य का निरीक्षण करने पटरीपार पहुंचे वोरा ने कहा कि इस कार्य के अलावा वार्डों के भीतरी हिस्से में भी आवश्यकतानुसार सड़क डामरीकरण कराया जाएगा। वोरा ने सेतु विभाग के अफसरों को सख्त निर्देश देते हुए धमधा नाका ओवरब्रिज में हुए हादसे के बाद टूटे हिस्से की तत्काल मरम्मत करने के निर्देश दिये हैं। सेतु विभाग के अफसरों ने विधायक वोरा को बताया कि ओवरब्रिज के टूटे हिस्से की मरम्मत का काम एक.दो दिनों के भीतर शुरू कर दिया जाएगा। ठगड़ा बांध ओवरब्रिज में हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए यहां रोड डिवाइडर का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए 10 लाख रुपए स्वीकृत किये गए हैं। ये कार्य भी शीघ्र शुरू हो जाएगा। डिवाइड़र बनने से दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

सीएम भूपेश के ऐलान के बाद जारी हुआ आदेश

# ऑफ लाइन नहीं अब ऑनलाइन होंगी यूनिवर्सिटी की परीक्षाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ में विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों की परीक्षाएं ऑफलाइन नहीं बल्कि ऑनलाइन होंगी। महानदी भवन मंत्रालय से उच्च शिक्षा विभाग ने सोमवार को यह आदेश कर दिया है। कोविड-19 के दौरान पढ़ाई ऑनलाइन होने की वजह से यह फैसला लिया गया है। पिछले दोनों छात्र संगठनों ने सीएम भूपेश बघेल से मिलकर ऑफलाइन की जगह ऑनलाइन एग्जाम लिए जाने का निवेदन किया था। प्रदेशभर के स्टूडेंट्स को इससे बड़ी राहत मिली है।




उच्च शिक्षा विभाग के उप सचिव डॉ. समरेन्द्र सिंह द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि कोरोना महामारी के कारण मार्च-2020 में लॉकडाउन लगाया गया था। उसके बाद कोरोना की वजह से पढ़ाई प्रभावित हुई है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा उच्च शिक्षण संस्थानों के अकादमिक कैलेंडर, पढ़ाई एवं परीक्षा के संबंध में समय-समय पर निर्देश जारी किया गया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने 11 फरवरी 2022 को सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को क्षेत्रीय परिस्थिति के आधार पर उच्च शिक्षण संस्थानों को खोलने, क्लास रूम का संचालन करने एवं परीक्षा ऑफलाइन-ऑनलाइन ब्रांडेड मोड में निर्णय लेने कहा था। इससे पहले सीएम भूपेश बघेल ने ऐलान किया है कि यूनिवर्सिटी के एग्जाम ऑनलाइन होंगे।

#### कोरोना से बचाव एक बड़ी चुनौती

बता दें कि यूनिवर्सिटी ने पूरे साल ऑनलाइन क्लासेस ली। कोरोना कम होने के बाद ऑफलाइन परीक्षा लेने की तैयारी थी। परीक्षा ऑफलाइन होने का छात्रों ने विरोध किया था। कोरोना की वजह से प्रदेश में पढ़ाई विलंब से शुरू हुआ था। ऐसे ऑनलाइन परीक्षा ही लिया जाना चाहिए। इधर उच्च शिक्षा विभाग का कहना है कि वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन 50 से 6 0 दिन में होता है। इतनी लंबी अवधि तक कोरोना से सुरक्षा व्यवस्था करना परीक्षा केंद्रों के लिए बड़ी चुनौती है। छोटी सी चूक के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। परीक्षा के संबंध में विश्वविद्यालयों से प्राप्त सुझावों के तहत अब ऑनलाइन परीक्षा लेने निर्देश दिया जाता है।

## कांग्रेस के विकास मॉडल को पचा नहीं पा रही भाजपा: वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** नगर निगम दुर्ग में कांग्रेस परिषद आने के बाद तीसरे बजट सम्मिलन के पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कांग्रेसी पार्षदों एवं संगठन के पदाधिकारियों के साथ मैराथन बैठक की। कांग्रेस भवन में आयोजित बैठक में वोरा ने कांग्रेस पार्षदों को एकजुट होकर विपक्ष का सामना करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार आने के बाद जिस तरह से विकास कार्यो के लिए राशि लगातार जारी कराई जा रही है उससे विपक्ष के पेट मे दर्द उठ रहा है। मुख्यमार्ग चौड़ीकरण, ठगड़ा बांध सौंदर्यीकरण, शंकर नाला सुदृढ़ीकरण जैसे अभूतपूर्व कार्य कांग्रेस की परिषद ने ही कराए हैं। जहां एक तरफ वार्डों के अंदरूनी विकास के लिए करोड़ों के विकास कार्य प्रारंभ होंगे वहीं समग्र विकास को देखते हुए नेहरू नगर चौक से अंजोरा का 118 करोड़ से सड़क चौड़ीकरण, 100 करोड़ से पुलगांव चौक से अंडा फोरनेल, धमधा रोड, 14 करोड़ का ठगड़ा बांध पिकनिक स्पॉट, 15 करोड़ का बहुप्रतीक्षित ऑडिटोरियम, 11 करोड़ का ट्रांजिट हॉस्टल, 4 करोड़ की लागत से होने जा रहा शिवनाथ नदी मुक्तिधाम मार्ग, एवं गौरव पथ उन्नयन पर भी 5 करोड़ खर्च किए जाएंगे। निस्तारी एवं जल संवर्धन को दृष्टिगत रखते हुए 4 करोड़ से अधिक की राशि खर्च कर शहर के तालाबों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसी वर्ष शहर में 2 आउटडोर स्टेडियम एवं ओलिंपिक स्तर के स्वीमिंग पूल का कार्य प्रारंभ करने भी प्रयास किया जाएगा। 1.37 करोड़ से शहर के अंदरूनी चौक चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सोलर एवं हाई मास्ट लाइट से प्रकाश व्यवस्था कराने का कार्य नव वर्ष के प्रथम दिवस से ही प्रारंभ कर दिया गया है।

## अंकित पटेल बने भारतीय अंडर 14 बालक वर्ग के कोच

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। राज्य के इंटरनेशनल खिलाड़ी रहे अंकित पटेल को पहली बार भारतीय टीम का कोच बनाया गया है ये राज्य के लिए गौरव की बात है भारतीय टीम का कैंप एक हफ्ते का लगेगा और प्रतियोगिता 18 से 25 अप्रैल को दिल्ली के आर के खना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेली जाएगी । अंकित स्वर्गीय राजेश पटेल (अन्तर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल कोच) के बेटे है।




अंकित छत्तीसगढ़ के पहले टेनिस खिलाड़ी है जिन्हे भारतीय टीम का कोच बनने का मौका मिला है वर्तमान में अंकित पिछले 20 वर्ष से दिल्ली में कोचिंग कर रहे है उन्होंने लेवल 1 यूएस पी टी आर का कोचिंग कोर्स भी किया और लगभग 200 खिलाड़ियों के साथ काम कर चुके है।

अंकित खिलाड़ी के रूप में अंडर 18 डबल्स में नंबर 1 सिंगल्स में नंबर 3 और लगभग 25 से जायदा उन्होंने खिताब अपने नाम किए है । अंकित की इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ बास्केटबॉल संघ की महासचिव अनीता पटेल सिक्ख यूथ फोरम एवं गतका के महासचिव जसवन्त सिंघ खालसा एवं छत्तीसगढ़ टेनिस संघ के पदाधिारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## कॉलेजों में ऑनलाइन परीक्षा की घोषणा पर विधायक देवेन्द्र का बयान, कहा- छात्र हित का निर्णय

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। कॉलेजों में होने वाली परीक्षाओं को सरकार द्वारा ऑनलाइन कराए जाने की घोषणा के बाद भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव का बयान आया है। विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने कॉलेजों में पढ़ने वालों हजारों छात्र-छात्राओं के हित में बड़ा निर्णय लिया है। इसके लिए सरकार का आभार है।



बता दें प्रदेश में कोरोना संक्रमण के थमने के बाद जैसे ही कॉलेजों में ऑफलाइन कक्षाएं शुरू हुई इसके बाद सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सभी तरह की परीक्षाओं को ऑफलाइन पद्धति से कराने का आदेश जारी किया था। इस आदेश के बाद प्रदेश में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे। एनएसयूआई ने प्रदेश भर में सरकार के इस फैसले के विरोध में मोर्चा खोल दिया था। इसे देखते हुए सीएम भूपेश बघेल ने ऑनलाइन परीक्षाओं की घोषणा की थी। सीएम की घोषणा के बाद भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा है कि कॉलेजों की होने वाली परीक्षओं को लेकर छात्र-छात्राओं की मांग थी कि ऑन लाइन परीक्षा आयोजित की जाए। सीएम भूपेश बघेल ने ऑफ लाइन परीक्षा को रद्द कर दिया है और ऑन लाइन परीक्षा का निर्देश जारी कर दिया है। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने सीएम बघेल का आभार जताते हुए युवा सार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि मन लगाकर पढ़ाई करें और जीवन में आगे बढ़ें। ये हमारी सरकार हमारे भूपेश कका हमेशा उनके साथ हैं। उनका हर एक स्टेप युवाओं के कल्याण लोगों की इच्छा के अनुरूप होता है। हमारे मुखिया सीएम भूपेश बघेल जी ने ऑन लाइन परीक्षा के निर्देश जारी कर दिए है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में छात्र इसकी डिमांड कर रहे थे। सीएम युवाओं तकलीफो को समझते हैं। छात्राओं की भावनाओं को समझते हैं। जो सुझाव विभिन्न विश्वविद्यालय से आए थे। जिसके तहत सीएम ने ऑन लाइन परीक्षा की घोषणा कर दी है। इसके लिए सीएम भूपेश बघेल का आभार है।

## प्रतियोगिताः विधायक एवं महापौर ने शहर में पहला अखिल भारतीय महापौर हॉकी ट्रॉफी का किया शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। नगर पालिक निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम शहर विधायक अरुण वोरा ने छग शासन राज्य मंत्री आर.एन. वर्मा, महापौर धीरज बाकलीवाल,सभापति राजेश यादव,प्रभारी मनदीप सिंह भाटिया एवं सदस्यो के साथ दुर्ग निगम क्षेत्र का पहला अखिल भारतीय महापौर हॉकी ट्रॉफी का सोमवार देर शाम को शुभारंभ किया।

**खेल ऐसा कार्य है जो मेहनत, लगन, परिश्रम व बुद्धिमानी के साथ मैदान में उपस्थित रहकर करना पड़ता है - वोरा**



महापौर ट्राफी का पहला मैच छग बिलासपुर एवं कुरुड़ के बीच हुआ,जिसमे बिलासपुर 3-1 से विजयी,दूसरा मैच झारखंड एवं रायपुर के बीच हुआ में झारखंड विजयी रहे, जगदलपुर डीएचए दुर्ग के बीच मध्य खेला जा रहा है अतिथियों ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि इस ट्रॉफी से शहर में हमारे देश के राष्ट्रीय खेल को अलग पहचान मिलेगी। युवाओं को हॉकी से जुड़ने की प्रेरणा मिलेगा। 28 से 31 मार्च तक महिला समृद्धि बाजार के सामने सिविल लाइन मैदान में यह स्पर्धा आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर राज्य मंत्री छग शासन आर एन वर्मा, सभापति राजेश यादव, शिक्षा,खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग मनदीप सिंह भाटिया, अब्दुल गनी, संजय कोहले,दीपक साहू,सत्यवती वर्मा, हमीद खोखर,पार्षद नजहत परवीन,महापौर धीरज बाकलीवाल एवं विधायक अरुण वोरा ने कहा कि खेल ऐसा कार्य है जो मेहनत, लगन, परिश्रम व बुद्धिमानी के साथ मैदान में उपस्थित रहकर करना पड़ता है। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों के बच्चें खेल में भाग ले रहे है। यह मंच जो उन्हें मिला है, उसका पूरा लाभ उठाएं और अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करें।राजकुमार नारायणी, महेश्वरी ठाकुर, प्रेमलता साहू,बिजेंद्र भारद्वाज,मनी गीते, भास्कर कुण्डले,प्रकाश जोशी, एल्डरमेन रत्ना नारमदेव,जगमोहन ढीमर, प्रकाश गीते,बाजार अधिकारी थानसिंग यादव,निगम अधिकारी व कर्मचारीगण सहित जिला हॉकी संघ अध्यक्ष अंसार अहमद,सूर्यमणि मिश्रा,गुलाब रहमानी,विनोद वाघ, मिर्जा शफी अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। स्पर्धा में 14 टीमें भाग ले रही हैं। स्पर्धा 28 से 31 मार्च के मध्य आयोजित है।

## बड़े बकायादारों से टैक्स वसूलने घर-घर जा रहा निगम का कुर्की दल, एक दिन में वसूले 8 लाख से ज्यादा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई द्वारा बड़े बकायादारों से टैक्स वसूली के लिए अपनी टीम घर घर भेज रही है। इसके लिए निगम ने अलग अलग कुर्की दल बनाया है। निगम की टीम पुलिस के साथ मिलकर बड़े बकायादारों के घर व प्रतिष्ठानों पर दबिश दे रही है। सोमवार का निगम की टीम ने ऐसे ही 11 बकायादारों से टैक्स वसूली की। इन 11 लोगों से एक ही दिन में निगम की टीम ने 8 लाख रुपए से ज्यादा का टैक्स वूसला।



नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा लंबे समय से संपत्ति कर जमा नहीं करने वाले के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। बकायादारों से कर वसूलने गठित टीम के कर्मचारी कुर्की करने पहुंच रहे है, कुर्की के भय से लोग मौके पर ही निगम की कुर्की टीम को बकाया संपत्ति कर जमा करा रहे हैं। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे के निर्देश पर गठित टीम ने सोमवार को नेहरू नगर जोन क्षेत्र में जाकर संपत्तिकर वसूला।

नेहरू नगर जोन में पिछले 15-20 वर्षों से संपत्ति कर जमा नही करने वाले ऐसे बड़े बकायादार जिन्हे कुर्की वारंट जारी किया गया है। इनसे संपर्क कर बकाया संपत्तिकर की राशि वसूलने के लिए टीम पहुंची। इस दौरान इनमें से रवि कंस्ट्रक्शन ने 102525 रुपए चेक के माध्यम से जमा किया।

इसी प्रकार कल्पना शुक्ला ने 96614 रुपए जमा किया। उर्मिला अग्रवाल ने 67819 रुपए तथा रीता राज ने 78669 रुपए जमा किए।

इसके अलावा सुमन कुमार कथूरिया ने 30015 रुपए, राकेश स्वर्णकार ने 90000 रुपए व रामनिवास शर्मा ने 195499 रुपए चेक के माध्यम से जमा किया। इसी प्रकार मुर्तजा मियां ने 40248 रुपए व प्रिया दास टंडन ने 39518 रुपए नगद जमा किया। सावित्री देवी ने 51535 रुपए चेक के माध्यम से तथा दिनेश यादव ने 40697 रुपए नगद जमा किया।

कुर्की दल के पहुंचने पर कुछ लोगों ने कुर्की की कार्रवाई से बचने के लिए कुछ दिनों मोहलत मांगी और निर्धारित समय अवधि में राशि जमा करने का विश्वास दिलाया है। इधर निगम ने संपत्तिकर जमा करने के लिए अतिरिक्त काउंटर 2 दिनों के लिए बढ़ाए हैं। 31 मार्च तक इस वित्तीय वर्ष का टैक्स जमा करने का समय निर्धारित है। निर्धारित समय के बाद टैक्स जमा करने पर अधिभार देना होगा।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950